शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

मौसम



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 30 |
| आर्द्रता | 92% |
| सूर्योदय: 5:05 | सूर्यास्त: 18:20 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



राष्ट्रपति मुर्मू ने झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कलाकारों से की मुलाकात पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : प्रकृति जल्दबाज़ी नहीं करती, फिर भी सब कुछ पूरा हो जाता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भारत-ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता, शुल्क में होगी भारी कटौती

## भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन : प्रधानमंत्री मोदी

**लंदन :** भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर ब्रिटेन में कोई शुल्क नहीं लगेगा। वहीं ब्रिटिश कारों एवं व्हिस्की जैसे उत्पादों पर शुल्क कम होंगे। अगले साल से लागू होने वाले इस समझौते का लक्ष्य वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करना है जो फिलहाल 56 अरब डॉलर है। भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट एवं सौंदर्य प्रसाधनों सहित विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं के लिए अपना बाजार खोल दिया है। इसके साथ ही उसे कपड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, खेल के सामान और खिलौनों जैसे निर्यात उत्पादों तक भी आसान पहुंच मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों के पूरी तरह शुल्क-मुक्त होने से भारत को फायदा होगा। यह छूट लगभग 100 प्रतिशत व्यापार मूल्य को समाहित करती है। इसके अलावा, ब्रिटेन में काम कर रहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और



इन्फोसिस जैसी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को भारत से आने वाले कर्मचारियों के लिए तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा अंशदान भी नहीं करना होगा। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता' (सीईटीए) का नाम दिया गया है। इसे तीन साल तक चली बातचीत के बाद अंतिम रूप दिया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर भी मौजूद थे। स्टार्मर ने प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन करते हुए कहा, ''मैं इस समझौते को दोनों देशों के लिए एक ऐतिहासिक दिन मानता हूं। यह एक-दूसरे से की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का दिन भी है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने इस समझौते को 'हमारी साझा समृद्धि का खाका' बताते हुए कहा कि ब्रिटेन एवं भारत 'स्वाभाविक साझेदार' हैं और दोनों देश अपने इतिहास में एक नया अध्याय लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते के बाद भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य और इंजीनियरिंग वस्तुओं को ब्रिटेन में बेहतर बाज़ार मिलेगा और कृषि उत्पादों एवं प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को वृद्धि के नए अवसर मिलेंगे। मोदी ने कहा, ''यह समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा। दूसरी ओर, ब्रिटेन में बने चिकित्सा उपकरण और वैमानिकी उपकरण जैसे उत्पाद भारत के लोगों एवं उद्योगों तक किफायती एवं आकर्षक कीमत पर पहुंच सकेंगे।'' उन्होंने बताया कि दोनों देश एफटीए के साथ 'दोहरे अंशदान समझौते' (डीसीसी) पर भी आम सहमति पर पहुंचे हैं। इससे दोनों देशों के सेवा क्षेत्रों, खासकर प्रौद्योगिकी और वित्त, में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन-भारत संबंधों के लिए क्रिकेट की शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए कहा, ''कभी-कभी गेंद पर बल्ला चलाने में चूक हो सकती है, लेकिन हम सीधे बल्ले से खेलने और बड़े स्कोर वाली ठोस साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' पृष्ठ 8

## संसद में लगातार चौथे दिन भी रहा गतिरोध कायम

**नयी दिल्ली :** संसद में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर गतिरोध कायम रहा जबकि राज्यसभा में सेवानिवृत्त होने जा रहे छह सदस्यों को विदाई दी गयी और इस दौरान उच्च सदन में कोई शोर-शराबा देखने को नहीं मिला। हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। दोनों सदनों में एसआईआर के विरोध में विपक्ष के कई सदस्य आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करते रहे। लोकसभा में कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी दलों ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की और तख्तियां लहराईं, जिन पर एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे। उन्होंने बिहार में एसआईआर की कवायद पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। हालांकि, सदन में शोर-शराबे के बीच ही पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने प्रश्नकाल के दौरान कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए।

## मुंबई ट्रेन विस्फोट मामला : न्यायालय ने सभी 12 आरोपियों को बरी करने के फैसले पर रोक लगायी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी, लेकिन कहा कि उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को नजीर न माना जाए। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा, ''हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हालांकि,सॉलिसिटर जनरल द्वारा कानून संबंधी बिंदु पर प्रस्तुत दलीलों पर ध्यान देते हुए, हम इस बात के इच्छुक हैं कि संबंधित फैसले को मिसाल के रूप में नहीं जाएगा। इसे देखते हुए विवादित फैसले पर रोक रहेगी।'' संक्षिप्त सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि इसका असर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत लंबित मुकदमों पर पड़ेगा।

## निम्न दबाव से कहर: बंगाल में आकाशीय बिजली गिरने से 17 की मौत, प्रशासन सतर्क

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण बंगाल में बने निम्न दबाव के क्षेत्र ने पूरे राज्य में भारी बारिश और आकाशीय बिजली के कहर को जन्म दिया है। गुरुवार को एक ही दिन में राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 17 लोगों की जान चली गई। इस प्राकृतिक आपदा ने सबसे अधिक बांकुड़ा जिले को प्रभावित किया, जहां अलग-अलग इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत और 7 लोग घायल हो गए। वहीं, पूर्व बर्दवान जिले में 6, दक्षिण दिनाजपुर और पुरुलिया में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी दी थी कि निम्न दबाव के कारण बिजली-गर्जना के साथ भारी बारिश की संभावना है। दोपहर के बाद बांकुड़ा जिले में आकाश काले बादलों से घिर गया और शाम होते-होते तेज बारिश के साथ बिजली गिरने लगी। ओंदा, इंडास, कोतुल-पुर, पातरसायर और जयपुर सहित जिले के कई हिस्सों में बिजली गिरने की घटनाओं में आम नागरिकों और किसानों की जान गई, जिनमें कई लोग खेतों में काम कर रहे थे। पूर्व वर्दवान जिले में भी हालात गंभीर रहे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मृत्युंजय हलदर ने बताया कि रायना-1 और रायना-2, गलसी-1, खंडघोष, आउशग्राम और मंगोलकोट ब्लॉकों में बिजली गिरने से कुल 6 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में सनातन पात्र(61), अभिजीत सांतरा(25), मदन बागदी(68), परिमल दास, रबिन टुडू(25) और बुरो मार्डी(66) शामिल हैं। इन सभी की मृत्यु खेतों में कार्यरत रहते या खुले में होने के दौरान हुई। इसके अलावा, पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोणा-2 ब्लॉक में लक्ष्मीकांत पान(42) की, दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज ब्लॉक में कमल सरकार(56) की और पुरुलिया के झालदा क्षेत्र में धान रोप रही सुमित्रा महतो की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्प-ताल भेजा गया है। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सरकारी मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लगातार हो रही मौतों से प्रशासनिक अधिकारियों में भी चिंता का माहौल है और प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# मृत, स्थायी रूप से पलायन कर चुके लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं रह सकते: सीईसी कुमार

**नयी दिल्ली :** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि आयोग किसी प्रभाव में आकर मृतकों, स्थायी रूप से पलायन कर चुके लोगों या कई जगहों पर मतदाता के रूप में दर्ज लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कर सकता। उनकी यह टिप्पणी विपक्षी दलों द्वारा बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोग पर बढ़ते हमलों के बीच आई है। विपक्ष का दावा है कि इस कदम से करोड़ों पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित



हो जाएंगे। आयोग के अनुसार, उन्होंने कहा, ''क्या निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जा रही शुद्ध मतदाता सूची निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की नींव नहीं है?'' उन्होंने कहा कि पहले बिहार में और बाद में पूरे देश में अपात्र लोगों को वोट देने की अनुमति देना संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने रेखांकित किया, ''इन सवालों पर, किसी न किसी दिन, हम सभी और भारत के सभी नागरिकों को राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर गहराई से सोचना होगा।'' बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत घर-घर जाकर जांच करने पर निर्वाचन अधिकारियों ने अब तक पाया है कि 52 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर मौजूद नहीं थे और 18 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है।

## साल 2025 में प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर 67 करोड़ रुपये खर्च हुए : सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद को सूचित किया कि 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका और फ्रांस सहित पांच देशों की यात्रा पर 67 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन के एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। सिंह ने कहा कि इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस, साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया, घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्राओं के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

## भारत में रोजगार प्राप्त लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हुई : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि देश में 2023-24 में रोजगार में लगे लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गयी जो 2017-18 में 47.5 करोड़ थी। श्रम एवं रोज़गार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

## उपराष्ट्रपति के चुनाव में साझा उम्मीदवार उतार सकता है 'इंडिया' गठबंधन

**नयी दिल्ली :** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन उपराष्ट्रपति के चुनाव में साझा उम्मीदवार उतार सकता है, हालांकि सभी घटक दलों से विचार-विमर्श के बाद ही इस पर अंतिम निर्णय किया जाएगा। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर यह भावना है कि इसमें उम्मीदवार उतारा जाए, चाहे नतीजे कुछ भी हों क्योंकि ऐसा करने से राजनीतिक संदेश जाएगा।''

## राहुल ने कहा-निर्वाचन आयोग की धोखाखड़ी के 100 प्रतिशत सबूत

### ईसी ने आरोप का खंडन किया



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की ओर से धोखाधड़ी किए जाने के ''100 प्रतिशत सबूत'' हैं और यदि आयोग सोचता है कि वह इससे बच निकलेगा, तो यह उसकी गलतफहमी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहा है। उन्होंने कर्नाटक के निर्वाचन क्षेत्र के नाम का उल्लेख नहीं किया। राहुल के आरोपों पर निर्वाचन आयोग ने कहा, ''अगर चुनाव याचिका दायर की गई है, तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करें। अगर नहीं, तो अभी बेबुनियाद आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं?'' चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के भीतर चुनाव याचिका दायर की जा सकती है। ऐसी याचिकाएं उस राज्य के उच्च न्यायालयों में दायर की जा सकती हैं, जिसमें संबंधित निर्वाचन क्षेत्र आता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''यह बहुत ही गंभीर मामला है। निर्वाचन आयोग भारत के चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है। आज उन्होंने कुछ बयान दिया है, जो पूरी तरह से बकवास है। सच तो यह है कि निर्वाचन आयोग अपना काम नहीं कर रहा है।''

# ममता ने बंगालियों के खिलाफ 'भाषाई आतंक' का लगाया आरोप

### मुख्यमंत्री ने भाजपा शासित सरकारों की आलोचना

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि राज्य के बांग्ला भाषी गरीब श्रमिकों को भाजपा शासित कुछ राज्यों के अधिकारियों द्वारा परेशान किया जा रहा है, उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है और यहां तक कि बांग्लादेश भेजा जा रहा है। उन्होंने इन घटनाओं को 'भाषाई आतंक' करार दिया। ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर कड़े शब्दों में लिखी गई एक पोस्ट में हरियाणा और राजस्थान की सरकारों पर बांग्ला भाषी नागरिकों पर 'अत्याचार और यातनाएं' देने का आरोप लगाया और सवाल किया कि भाजपा ऐसी कथित



कार्रवाइयों के जरिए क्या साबित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि हरियाणा के गुरुग्राम में पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से हमारे बांग्ला भाषी लोगों को हिरासत में लिए जाने और उन पर अत्याचार की लगातार रिपोर्ट मिल रही हैं। पश्चिम बंगाल पुलिस को हरियाणा पुलिस से पहचान की पुष्टि के अनुरोध के नाम पर ये रिपोर्ट मिल रही हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्हें राजस्थान जैसे राज्यों से उचित दस्तावेज होने के बावजूद पश्चिम बंगाल के नागरिकों को अवैध तरीके से सीधे बांग्लादेश भेजे जाने की जानकारी मिल रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि इन राज्यों में पश्चिम बंगाल के असहाय गरीब बंगाली कामगारों पर अत्याचार हो रहा है। मैं भारत में बंगालियों पर 'डबल इंजन' वाली सरकारों के इन भयानक अत्याचारों को देखकर स्तब्ध हूं। आप क्या साबित करना चाहते हैं? यह नृशंस और भयावह है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस भाषाई आतंक को रोकें।

## इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर सर्वाधिक समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे नेता बनेंगे मोदी

**नयी दिल्ली :** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर लगातार सबसे लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले दूसरे शख्स बन जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि मोदी शुक्रवार को अपने कार्यकाल के 4,078 दिन पूरे कर लेंगे। इंदिरा गांधी 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4,077 दिनों तक प्रधानमंत्री रही थीं। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी को जीत दिलाने के मामले में मोदी ने जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मोदी 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने से पहले तक इस पद पर बने रहे। आजादी के बाद जन्मे पहले प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री



भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुजरात में जन्मे मोदी केंद्र सरकार के मुखिया के रूप में दो पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं। एक अधिकारी ने कहा, मोदी भारत के सभी प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों में से एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक पार्टी के नेता के रूप में लगातार छह चुनाव जीते हैं- 2002, 2007 और 2012 में गुजरात विधानसभा चुनाव और 2014, 2019 और 2024 में आम चुनाव।

## रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 48 लोगों की मौत



**मॉस्को :** रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में हुई विमान दुर्घटना में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई है। अमूर क्षेत्र के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि एएन-24 यात्री विमान रूस-चीन सीमा पर स्थित ब्लागोवेशचेंस्क शहर से तिंडा शहर की ओर उड़ान भरते समय रडार से गायब हो गया था। इसमें कहा गया है कि बाद में बचावकर्मियों को घने जंगलों से घिरी एक पहाड़ी पर विमान का जलता हुआ मलबा मिला। क्षेत्र के गवर्नर वैसिली ओर्लोव ने कहा कि विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य दुर्घटना में मारे गए। उन्होंने तीन दिन के शोक की भी घोषणा की।

# अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के ऋण 'घोटाले' में ईडी के छापे

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के कथित ऋण ''घोटाले'' से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को कई जगह छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इन कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ और बैंक ऋणों के अलावा कुछ कथित अघोषित विदेशी संपत्तियां भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण



अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में छापेमारी की जा रही है। ये परिसर 50 कंपनियों और करीब 25 लोगों से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज और कंप्यूटर उपकरण बरामद कर लिए गए हैं। यह कार्रवाई ईडी की दिल्ली स्थित जांच इकाई द्वारा की जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिये लगभग 3,000 करोड़ रुपये के ऋण के गलत इस्तेमाल के आरोपों में ये छापेमारी की जा रही है। समूह की दो कंपनी 'रिलायंस पावर' और 'रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर' ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचना में कहा कि ईडी की कार्रवाई का उनके व्यवसाय संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा, ''मीडिया में आई खबरों में जो जानकारी दी गई है वह 10 साल से भी पुरानी कंपनी 'रिलायंस कम्युनिकेशन्स लिमिटेड' (आर-सीओएम) या 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' (आरएचएफएल) के लेन-देन से संबंधित आरोपों से जुड़ी प्रतीत होती हैं।''



## एयरलाइंस अपनी प्राथमिकताएं तय करें

हाल के दिनों में हवाई उड़ान को लेकर तमाम ऐसी खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं कि जिससे आम लोगों के मन में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा बोध पनपा है। यह स्वाभाविक है क्योंकि हवाई यात्रा के साथ तमाम तरह के जोखिम जुड़े हैं। गत बारह जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के भयावह विमान हादसे के बाद, जिसमें 260 लोग मारे गए थे, भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र गहन जांच के घेरे में है। यद्यपि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई तरह की व्याख्याएं और निष्कर्ष सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद आम धारणा यही है कि भारत की हवाई यात्रा व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल ही में हुए एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सर्वेक्षण में लगभग 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि भारत में कई एयरलाइनें यात्रियों की सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर ज़्यादा धन खर्च कर रही हैं। निस्संदेह यह गलत प्राथमिकताओं का एक ज्वलंत प्रसंग है, जो यही दर्शाता है कि हवाई यातायात व्यवस्था को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की सख्त जरूरत है। यह भी कि यात्रियों की सुरक्षा और कुशल हवाई संचालन में किसी चूक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से अपनाई जानी चाहिए। निस्संदेह इस बाबत सख्त कार्रवाई कुशल व सुरक्षित हवाई यातायात का मार्ग सुनिश्चित करेगी। विडंबना यह है कि हमने विगत के हवाई हादसों से कोई गंभीर सबक नहीं सीखे। 'सब चलता है' की नीतियां ही क्रियान्वित होती रही हैं। एक के बाद एक हादसों के लिए जांच आयोग तो कई बैठे, लेकिन सुधार के प्रयास तार्किक परिणति तक नहीं पहुंचे। हमारी राजनीतिक अक्षमताएं और निगरानी करने वाले संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप से अनुभवहीन लोगों को बैठाना भी हवाई परिचालन में अव्यवस्था का सबब बना। जिसके चलते हमारी हवाई व्यवस्था असुरक्षा के भय से मुक्त न हो पा रही है। साथ ही हमारी हवाई सेवाएं वैश्विक मानकों की कसौटी पर खरी न उतर पायीं। जिसका खमियाजा देश के हवाई यात्री भी भुगत रहे हैं।

निस्संदेह विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बने भारत में नागरिक सेवाओं में यह गुणवत्तापूर्ण झलक नजर आनी चाहिए। यह गुणवत्ता विदेशी निवेशकों के लिए भी जरूरी है लेकिन फिलहाल हमारा नागरिक सेवाओं के प्रति अपेक्षित भरोसा नहीं बन पा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिक सहभागिता मंच, लोकल सर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि सर्वे में शामिल 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार उन्होंने कठिन उड़ान का अनुभव किया था, जिसमें टेकऑफ़, लैंडिंग या उड़ान के दौरान कठिन परिस्थितियां शामिल थीं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को इस चिंताजनक स्थिति का सारांश प्रस्तुत किया, जिसमें राज्यसभा को बताया गया कि पिछले छह महीनों में पांच 'पहचाने गए' सुरक्षा उल्लंघनों के संबंध में एयर इंडिया को नौ कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। यह वास्तव में एक उल्लेखनीय दिन था जिस दिन संसद में विमानन सुरक्षा का ज्वलंत मुद्दा गूंजा – उसी दौरान एक विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से भटक गया, दूसरे ने आपातकालीन लैंडिंग की, एक विमान की बाहरी खिड़की का फ्रेम हवा में ही टूट गया, और एक उड़ान का टेकऑफ़ तकनीकी खराबी के कारण अंतिम समय में रद्द कर दिया गया। सौभाग्य से, इन घटनाओं में किसी की जान या अंग की हानि नहीं हुई, लेकिन यात्रियों के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से ठेस पहुंची। अब समय आ गया है कि विभिन्न एयरलाइंस कंपनियां यह समझें कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। लेकिन यदि प्रचार अभियानों के ज़रिए ज़्यादा से ज़्यादा यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए आकर्षित करने की कवायद के बीच हवाई सुरक्षा से जुड़ी बुनियादी बातों को नज़रअंदाज़ कर दिया गया, तो ये तमाम लुभावनी कोशिशें नाकाम हो सकती हैं। निस्संदेह यात्रियों को हर योजना में प्राथमिकता का स्थान मिलना चाहिए; उनकी सुरक्षा को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। और जब भी कोई एयरलाइंस सुरक्षा प्रोटोकॉल में किसी तरह की कोताही बरते, विमानन नियामक को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी ही चाहिए।

# यूपी में सियासी संग्राम मस्जिद में मुलाकात बनाम कांवड़ पर पुष्पवर्षा



**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति फिर से धार्मिक और सामाजिक रंगों में रंगती दिख रही है। यह कोई अचानक उभरा मुद्दा नहीं है, बल्कि सावन की सोंधी हवा में 'हरा' और 'भगवा' का टकराव पहले से कहीं अधिक तीखा हो चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके सांसदों की संसद भवन के पास मस्जिद में हुई एक मुलाकात की तस्वीरों ने सियासी गलियारों में तूफान ला दिया है। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर रहे हैं और हिंदुत्व की राजनीति को और प्रखर बना रहे हैं। ये घटनाएं इशारा कर रही हैं कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अब पूरी ताकत के साथ शुरू हो चुकी है, और इसका थीम पहले से तय हो गया है 'हरा बनाम भगवा'।23 जुलाई को संसद भवन के बगल की मस्जिद में अखिलेश यादव, मोहिबुल्ला नदवी, धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव और जिया उर रहमान बर्क के साथ बैठते हुए तस्वीरें सामने आईं। तस्वीरों में दो महिलाएं भी नजर आईं, जिनमें से एक को मैनपुरी सांसद डिंपल यादव और दूसरी को कैराना सांसद इकरा हसन बताया गया। भाजपा ने तुरंत इस मुद्दे को तूल दिया। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि अखिलेश ने संसद के बगल स्थित एक धार्मिक स्थल को राजनीतिक बैठक के लिए प्रयोग किया, जो संविधान का उल्लंघन है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें 'नमाजवादी' कह दिया और तीखा तंज कसा। उनका कहना था कि किसी भी धार्मिक स्थल का राजनीतिक इस्तेमाल संविधान के खिलाफ है और समाजवादी पार्टी बार-बार इसकी अनदेखी करती रही है।

इतना ही नहीं, भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने डिंपल यादव के परिधान पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि जब मस्जिद में गई थीं तो उन्हें सिर ढकना चाहिए था। इस बयान को सपा ने तूल देने की कोशिश बताया और इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की साजिश करार दिया। अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि आस्था का मतलब जोड़ना होता है, जबकि भाजपा समाज में दूरियां पैदा करना चाहती है। उन्होंने साफ किया कि यह कोई राजनीतिक बैठक नहीं थी, बल्कि एक सामाजिक मुलाकात थी जिसमें मोहिबुल्ला नदवी की पत्नी भी मौजूद थीं।उधर, भाजपा ने मोर्चा खोलते हुए कहा कि मस्जिद को सपा कार्यालय बना दिया गया है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि मस्जिदें सिर्फ इबादत का स्थल हैं, उन्हें राजनीति का मंच नहीं बनाया जा सकता। वहीं कई मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने भी इस मुद्दे पर असहमति जताई और मोहिबुल्ला नदवी से इस्तीफे की मांग कर डाली। मस्जिद की राजनीति ने दोनों पक्षों को न सिर्फ आक्रामक बना दिया है, बल्कि अब धार्मिक संगठनों की नाराजगी भी सपा के लिए एक नई चुनौती बन गई है।

इस विवाद के बीच योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सावन के महीने में कांवड़ यात्रा को भव्य रूप देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। हेलिकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई, जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए और विशेष पुलिस बंदोबस्त किए गए। मुख्यमंत्री ने मेरठ और मुजफ्फरनगर में हवाई निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कांवड़ियों पर फूल बरसाए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि कांवड़ यात्रा के नाम पर उपद्रव फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनकी पहचान सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उनके हिंदुत्व एजेंडे का विस्तार है।वहीं समाजवादी पार्टी ने इसे 'दिखावा' करार दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछले 11 सालों से केंद्र में और 9 साल से यूपी में सरकार चला रही है, लेकिन कांवड़ियों के लिए कोई स्थायी ढांचा नहीं बना सकी। उन्होंने ऐलान किया कि सत्ता में आने पर सपा सरकार कांवड़ियों के लिए विशेष कॉरिडोर बनाएगी। इतना ही नहीं, समाजवादी पार्टी अब भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे को चुनौती देने के लिए खुद मैदान में उतर आई है। कैराना की सांसद इकरा हसन कांवड़ सेवा शिविर में पहुंचीं और शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। उनका भगवा पटका पहनकर प्रसाद बांटते हुए वीडियो वायरल हुआ। उन्होंने कहा कि देश की साझा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वे हर धर्म का सम्मान करती हैं।

इस धार्मिक और राजनीतिक खींचतान के बीच यूपी की राजनीति का 2027 मॉडल धीरे-धीरे आकार ले रहा है। सपा का 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूला और भाजपा का 'हिंदुत्व + विकास' का एजेंडा आमने-सामने खड़े हैं। समाजवादी पार्टी के नेता मंदिरों में दर्शन कर रहे हैं तो भाजपा कांवड़ यात्रा को प्रशासनिक और धार्मिक दोनों स्तर पर भव्य बना रही है। इटावा में अखिलेश यादव ने केदारेश्वर महादेव मंदिर का उद्घाटन कर यह संकेत दिया है कि वे भी हिंदू आस्था के मैदान में कदम रख चुके हैं। वहीं भाजपा सरकार काशी, अयोध्या और मथुरा में कॉरिडोर निर्माण के जरिए धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन ने भाजपा को झटका दिया। सपा ने 37 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा 33 पर सिमट गई। अब अखिलेश यादव इस लय को विधानसभा चुनाव तक बनाए रखना चाहते हैं। पीडीए समीकरण के तहत वह गैर-यादव पिछड़ी जातियों, दलितों और मुसलमानों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर दांव लगाते हुए हिंदुत्व और विकास का दोहरा कार्ड खेल रही है।

प्रदेश में भाजपा की राजनीति हमेशा हिंदुत्व केंद्रित रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फैसले, चाहे वह ढाबों के नाम बदलना हो या कांवड़ यात्रा को सरकारी संरक्षण देना इन सबका मकसद हिंदू वोट बैंक को अपने पक्ष में बनाए रखना है। वहीं समाजवादी पार्टी खुद को 'गंगा-जमुनी तहजीब' की पार्टी बताकर भाजपा की धर्म आधारित राजनीति का विकल्प बनाना चाहती है। यही वजह है कि एक तरफ डिंपल यादव मस्जिद में नजर आती हैं तो दूसरी ओर इकरा हसन भगवा पटका पहनकर कांवड़ियों की सेवा करती दिखती हैं।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, प्रसाद मौर्य और अमित मालवीय जैसे नेताओं ने अखिलेश यादव को सोशल मीडिया पर घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ा। मौर्य ने तो यहां तक कह दिया कि अखिलेश मस्जिद गए, लेकिन सफेद जालीदार टोपी लगाना भूल गए। भाजपा के इन बयानों से साफ होता है कि वह अखिलेश को मुस्लिम तुष्टिकरण के चक्रव्यूह में फंसाने की तैयारी में है।जाहिर है, उत्तर प्रदेश की राजनीति में धर्म और आस्था अब केवल निजी भावना नहीं रह गई है, बल्कि यह रणनीति और एजेंडे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। मस्जिद से लेकर मंदिर, कांवड़ यात्रा से लेकर टोपी और पटके तक हर चीज का राजनीतिक मतलब निकाला जा रहा है। 'हरा' और 'भगवा' के बीच की यह लड़ाई अब केवल तस्वीरों और बयानों तक सीमित नहीं, बल्कि गांव-देहात के मतदाता तक पहुंचने लगी है। 2027 का विधानसभा चुनाव जब भी होगा, उसकी सियासी जमीन आज तैयार हो चुकी है। और यह भी तय है कि इस बार की लड़ाई महज दलों की नहीं होगी, बल्कि विचारधाराओं की, प्रतीकों की और पहचान की होगी।

# भूखमरी है विकास के विरोधाभासी स्वरूप की भयावह तस्वीर



**ललित गर्ग**

विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की हालिया रिपोर्ट ने एक बार फिर वैश्विक समुदाय को चेताया है कि धरती पर करोड़ों लोग आज भी भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा के शिकंजे में जकड़े हुए हैं। यह रिपोर्ट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि एक वैश्विक त्रासदी की दास्तान है, जो यह सोचने पर मजबूर करती है कि इक्कीसवीं सदी के इस तथाकथित 'विकसित' दौर में भी हम उस प्राथमिक आवश्यकता-भोजन को सुनिश्चित नहीं कर सके हैं, जो किसी भी आदर्श शासन-व्यवस्था एवं सभ्यता की बुनियादी कसौटी है। एफएओ के अनुसार, दुनिया भर में 70 करोड़ से अधिक लोग गंभीर भूख का शिकार हैं, जबकि करीब 2 अरब लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं। अफ्रीका, दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में हालात और भी बदतर हैं। बच्चों में कुपोषण और स्टंटिंग (विकास अवरोध) की दरें चिंताजनक हैं।

समूची दुनिया में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। बुनियादी ढांचे से लेकर प्रौद्योगिकी के विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई जैसी तकनीक की नई-नई मिसाल कायम की जा रही हैं। किसी अन्य ग्रह पर जीवन की खोज करने या फिर भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने के दावे भी किए जा रहे हैं। मगर, क्या वास्तव में विकास का पैमाना यही है? विकास की इस धारा में इंसान एवं इंसान की मूलभूत जरूरतें कहां है? यह कैसा विकास है कि जिसमें विसंगतियां एवं विरोधाभास ही अधिक है। एक तरफ विभिन्न देश तकनीक के सहारे खुद के ताकतवर एवं साधन संपन्न होने का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी ओर दुनिया में करोड़ों लोग भुखमरी, बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। बढ़ती भूखमरी एवं कुपोषण आधुनिक विकास पर एक बदनुमा दाग है। इस वैश्विक संकट की जड़ में केवल खाद्यान्न की कमी नहीं, बल्कि युद्ध, आंतरिक संघर्ष, आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता जैसी स्थितियां गहराई से जिम्मेदार हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते गेहूं, तेल, उर्वरक और अन्य खाद्य सामग्री की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है। अफगानिस्तान, सीरिया, सूडान, यमन और सोमालिया जैसे देशों में वर्षों से चल रहे युद्धों ने लाखों लोगों को बेघर, बेरोजगार और भूखा बना दिया है। अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में आंतरिक संघर्ष और जलवायु आपदाएं खाद्य संकट को और विकराल बना रही हैं। भुखमरी के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं, लेकिन दो देशों के बीच युद्ध और आंतरिक संघर्ष प्रमुख है। इन दो कारणों से ही बीस देशों में करीब 14 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। जाहिर है, लगातार जारी युद्धों, अंतरराष्ट्रीय संघर्षों एवं आतंकवाद की वजह से हालात और ज्यादा बदतर हो रहे हैं। युद्ध प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत के तौर पर खाद्य सामग्री पहुंचाने में भी तरह-तरह की अड़चनों की खबरें भी आती रहती हैं। इस तरह के प्रयास वास्तव में मानवीय संवेदनाओं के दम तोड़ देने द्योतक हैं।

जलवायु परिवर्तन, बाढ़, सूखा, चक्रवात और असामयिक वर्षा जैसे कारक कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रहे हैं। भारत, नेपाल, पाकिस्तान, जैसे देशों के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मानसून के दौरान होने वाली आपदाएं किसानों की मेहनत को तबाह कर देती हैं। इससे खाद्यान्न उत्पादन घटता है, महंगाई बढ़ती है और आम आदमी की थाली सूखने लगती है। संसाधनों के अभाव और संकटग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की डगर जटिल से जटिलतर हो गई है। रपट में सामने आया है कि 2024 में लगातार छठे वर्ष दुनिया में गंभीर खाद्य संकट और बच्चों में कुपोषण बढ़ा है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष 53 देशों या क्षेत्रों के 29.5 करोड़ लोग गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे थे। यह आंकड़ा वर्ष 2023 के मुकाबले 1.37 करोड़ अधिक है। यानी सुधार के बजाय स्थिति पहले से कहीं अधिक खराब हो गई है।

आधुनिक विकास के प्रारूप पर चिन्तन करना होगा। यह विचारणीय प्रश्न है कि विकास के इस प्रारूप में बड़े-बड़े मॉल बन रहे हैं, शहरों में चमचमाती इमारतें खड़ी हो रही हैं, तकनीक और एआई की बात हो रही है, लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में लोग दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भुखमरी बढ़ रही है, कुपोषण आम होता जा रहा है, बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई ने गरीब की थाली से दाल-सब्जी गायब कर दी है। विकास का यह विरोधाभासी चेहरा दिखाता है कि संसाधनों का वितरण असमान है और नीतियां गरीबों की भूख मिटाने की बजाय अमीरों की संपत्ति बढ़ाने में लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजीएस) में 2030 तक 'भूखमुक्त विश्व' का सपना देखा गया था, लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि हम इस लक्ष्य से दूर होते जा रहे हैं। गरीब देशों को खाद्य सहायता की आवश्यकता है, लेकिन विकसित राष्ट्र अपने राजनीतिक एवं आर्थिक स्वार्थों में उलझे हुए हैं। कृषि को प्राथमिकता देने के बजाय, हम स्मार्ट सिटी, हाईवे और बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट में संसाधन झोंक रहे हैं।

महंगाई और बेरोजगारी से उपजी विकट आर्थिक स्थितियां भी भुखमरी के लिए जिम्मेदार हैं। रपट में कहा गया है कि इन दोनों कारणों से पंद्रह देशों में 5.94 करोड़ लोगों का जीवन संकट में है। इसके अलावा, सूखा और बाढ़ ने 18 देशों में 9.6 करोड़ लोगों को खाद्य संकट में धकेल दिया है। अधिक चिन्ताजनक यह है कि इन लोगों को खाद्य एवं पोषण सहायता के लिए मिलने वाली अंतराष्ट्रीय वित्तीय मदद में भी भारी गिरावट आई है। ऐसा लगता है कि वैश्विक मदद और राजनीतिक इच्छाशक्ति की सांसें धीरे-धीरे उखड़ रही हैं। ऐसे में जबरन विस्थापन भुखमरी के संकट को और बढ़ा रहा है। इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। इन प्रयत्नों में सबसे जरूरी है कि स्थायी कृषि नीति बनानी होगी जिसमें जल संरक्षण, जैविक खेती और छोटे किसानों की सुरक्षा पर बल दिया जाए। युद्ध और संघर्षों का समाधान कूटनीति और संवाद से निकाला जाए, क्योंकि सबसे बड़ी कीमत आम जनता चुकाती है। भोजन के अधिकार को मौलिक अधिकार की तरह लागू किया जाए, और सभी देश एक वैश्विक खाद्य भंडारण व वितरण प्रणाली विकसित करें। गरीबी उन्मूलन पर ठोस योजनाएं बने, ताकि लोग आत्मनिर्भर बनें और भीख या राहत पर निर्भर न रहें। महंगाई पर नियंत्रण, और गरीबों को सब्सिडी आधारित खाद्यान्न व्यवस्था को और मजबूत करना होगा।

एफएओ की रिपोर्ट में एक और भयावह तस्वीर सामने आती है कि दुनिया भर में उनतीस करोड़ से अधिक लोग ऐसे हालात में जी रहे हैं, जहां उनके लिए एक वक्त का भोजन जुटा पाना भी मुश्किल है। साफ है कि समाज का सबसे कमजोर तबका आज भी संघर्ष, महंगाई, प्राकृतिक आपदा और जबरन विस्थापन जैसी समस्याओं के चक्रव्यूह में कैद है। यदि हमने समय रहते भूख, गरीबी और खाद्य असुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी, तो हम विकास के उस नक्शे पर एक गहरा धब्बा छोड़ेंगे, जिसमें ऊंची इमारतें तो होंगी लेकिन उनके नीचे भूख से दम तोड़ते इंसान भी होंगे। 'एक रोटी की कीमत तब समझ आती है, जब भूख कई रातों से जाग रही हो'-इसलिये अब समय है कि हम विकास के मायने बदलें ताकि हर थाली में भोजन हो, हर बच्चा कुपोषण से मुक्त हो, और भूख इतिहास की बात बन जाए, वर्तमान की नहीं। विकास की इक्कीसवीं सदी में भी अगर भुखमरी, कुपोषण एवं खाद्य संकट की समस्या विकराल होती जा रही है, तो यह व्यवस्था के साथ-साथ मानवता के लिए भी खतरे की घंटी है। इस समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि संकटग्रस्त इलाकों में स्थानीय खाद्य प्रणालियों और पोषण सेवाओं में निवेश पर जोर दिया जाए। समय आ गया है कि विभिन्न देशों की सरकारें जनकल्याण की योजनाओं की व्यापक समीक्षा करें और भुखमरी को दूर करने के लिए उचित एवं प्रभावी उपाय किए जाएं।



## विदेश की खबरें

### भारत महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी, कठिन समय में भी साझेदारी मजबूत साबित हुई : इजराइल

**यरुशलम :** भारत को एक 'महत्व-पूर्ण रणनीतिक सहयोगी' और उसके साथ संबंधों को कठिन समय में भी मजबूत बताते हुए इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने नयी दिल्ली के साथ अनुसंधान एवं विकास सहयोग और संयुक्त विनिर्माण पहलों पर केंद्रित रक्षा एवं रणनीतिक साझेदारी के विस्तार पर चर्चा की है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल अमीर बारम की भारत की पहली यात्रा के एक दिन बाद इजराइली रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में दोनों देशों के बीच रक्षा-औद्योगिक सहयोग का उल्लेख किया गया।

### थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद बढ़ा, कम से कम 11 लोगों की मौत

**बैंकॉक :** थाईलैंड और कंबोडिया के सैनिकों ने बृहस्पतिवार को सीमा पर एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में ज्यादातर आम नागरिक हैं। दोनों पक्षों ने छोटे हथियारों से गोलीबारी की और तोप से गोले दागे तथा रॉकेट से हमले किये। थाईलैंड ने भी हवाई हमले किए। सुबह झड़पें शुरू होने पर एक वीडियो में थाईलैंड के ग्रामीणों को अपने घरों से भागते हुए देखा जा सकता है। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि सीमा पर कम से कम छह इलाकों में झड़पें जारी हैं। ये झड़पें बुधवार को सीमा पर एक बारुदी सुरंग में विस्फोट के बाद शुरू हुईं, जिसमें थाईलैंड के पांच सैनिक घायल हो गए और बैंकॉक ने कंबोडिया में अपने राजदूत को वापस बुला लिया तथा कंबोडिया के राजदूत को निष्कासित कर दिया। थाईलैंड ने भी अपने नागरिकों से कंबोडिया छोड़ने का अनुरोध करते हुए सभी भूमि सीमा चौकियों को सील कर दिया है। दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसियों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है, जो समय-समय पर उनकी 800 किलोमीटर की सीमा पर भड़क उठता है और आमतौर पर संक्षिप्त टकराव का कारण बनता है, जिसमें कभी-कभी गोलीबारी भी हो जाती है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर झड़पें शुरू करने का आरोप लगाया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 जुलाई, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 23:26 तक, नक्षत्र : पुष्य, 16:02 तक, योग : वज्र, 07:24 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 05:17, चन्द्रास्त: 19:00, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 10:04 से 11:42

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नए अवसर सामने आ सकते हैं, जिन्हें पहचानकर आप आगे बढ़ सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन वृषभ राशि वालों के लिए आत्ममंथन और रणनीति बनाने का है। करियर को लेकर कुछ बड़ी योजनाएँ दिमाग में चल सकती हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लिए 25 जुलाई का दिन मानसिक रूप से हल्का रहेगा। पिछले दिनों की उलझनें अब सुलझने लगेंगी। किसी पुराने मित्र से मिलना हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को आज भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। दिन की शुरुआत थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन दोपहर के बाद स्थितियां सुधरेंगी।

**सिंह :** आज का दिन सिंह राशि वालों के लिए उपलब्धियों से भरपूर हो सकता है। आपकी कड़ी मेहनत का फल अब मिलने वाला है। नौकरी में प्रमोशन या इंक्रीमेंट की संभावना है।

**कन्या :** कन्या राशि के लिए दिन कार्यों की अधिकता वाला रहेगा। बहुत से काम एक साथ आ सकते हैं, जिससे तनाव हो सकता है। समय प्रबंधन आज आपकी सबसे बड़ी ज़रूरत है।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए 25 जुलाई का दिन संतुलन बनाए रखने का है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे काम का बोझ बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए यह दिन बदलावों से भरा हो सकता है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आज बहुत मजबूत रहेगी। करियर में बदलाव का विचार पक्का हो सकता है।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। यात्रा की योजना बन सकती है जो लाभकारी रहेगी। ऑफिस में आपकी तारीफ हो सकती है।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कार्यस्थल पर आपके ऊपर अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जिससे तनाव बढ़ सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। कुछ कार्यों में सफलता मिलेगी, जबकि कुछ में रुकावट आ सकती है। नौकरी में किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो सकता है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन कल्पनाशीलता और भावनाओं से जुड़ा रहेगा। आप अपने रचनात्मक कार्यों में सफलता पाएंगे। नौकरी में आज मनचाही प्रगति संभव है।

## वर्ग पहेली नं. 3163

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| ■ | | ■ | 7 | | | | | ■ | |
| 8 | | ■ | | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | 11 | | | ■ | 12 | | | ■ |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | | | 19 | ■ | |
| 20 | | 21 | ■ | ■ | | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | | | ■ | |
| 26 | | ■ | 27 | | | ■ | 28 | | |

**ऊपर से नीचे:-** 2) घूस, 3) क्रमहीन, 4) अवसर, 5) नाव चलाने का कर्ण, 6) आवभगत; ख़ातिर- दारी, 8) कनकौवा, 10) कृपालु, 11) समय, 12) पूर्वज, 14) प्रकट इच्छा, 15) वास्तव में, 17) कौशल्या, 19) वारिससंबंधी लिखित आदेश, 21) एक कडुवा पेड़, 24) रेखा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) माहौल, 5) इर्दगिर्द, 7) युक्तिपूर्ण, 8) इज़्ज़त, 9) एक चौपाया, 11) सक्षम, 12) गाँव; कुल्हड़; पूर्वपवन, 13) असावधानी, 15) अनुपातमूल्य, 16) अल्प, 18) देखरेख, 20) हिम-पात, 22) भूमिगत नाली, 23) एक खट्टी फली, 25) परिस्थिति; अवधि, 26) अच्छा होता यदि, 27) डरावना, 28) अँगूठे के पास की उँगली.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | व | भ | ग | त | ■ | दू | ता | वा | स |
| धा | ■ | दं | ■ | मि | ■ | स | ■ | प | ल |
| र | ज | त | ■ | ल | ब | रा | ■ | स | वा |
| ■ | वा | ■ | श | ■ | हु | ■ | कु | ■ | र |
| द | ब | द | बा | ■ | त | ल | छ | ट | ■ |
| ■ | दा | ■ | ब | दी | ■ | फ | ■ | र | स्सी |
| अ | र | ब | ■ | प | ल | ड़ा | ■ | ट | ■ |
| ■ | ■ | क | ल | क | ल | ■ | दौ | रा | ■ |
| गु | ज | रा | त | ■ | क | ई | ■ | ना | ते |

## सुडोकू-पहेली-3120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | | | | 6 | |
| | | 2 | | | | | | 1 |
| 5 | 6 | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | 4 | | | | | 5 |
| 4 | | | | 7 | 6 | | 2 | |
| | | | | | 3 | | 1 | |
| | 5 | | | | 2 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | 2 | | | | | 3 | | 4 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3119 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 |

# दमदम में तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों में हिंसक झड़प, इलाके में तनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के दमदम इलाके में गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के विधायक और पार्षद के समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। यह विवाद बुधवार रात शुरू हुआ जब पार्षद काकोली सेन के समर्थकों ने कथित तौर पर स्थानीय विधायक अतिन घोष के समर्थकों पर हमला कर दिया। घोष समर्थकों का आरोप है कि झड़प के दौरान पार्षद काकोली सेन ने एक वृद्ध महिला को थप्पड़ मार दिया। काकोली सेन तृणमूल के निलंबित राज्यसभा सदस्य डॉ.



शांतनु सेन की पत्नी हैं। इस घटना के विरोध में अतिन घोष के समर्थक बुधवार रात काकोली सेन और डॉ. शांतनु सेन के घर के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे, हालांकि उस समय दोनों घर पर मौजूद नहीं थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और काफी समझाने-बुझाने के बाद प्रदर्शनकारियों को हटाया गया। हालांकि घोष समर्थकों ने चेतावनी दी है कि अगर सेन गुट के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे सिंथी थाने के बाहर प्रदर्शन करेंगे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि स्थिति और न बिगड़े। वहीं, काकोली सेन ने भी सिंथी थाने में अतिन घोष समर्थकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. शांतनु सेन ने कहा कि हमने प्रशासन को लिखित रूप में अपनी बात बता दी है। हमारे घर के बाहर इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक अतिन घोष ने गुरुवार को कहा कि पुलिस को निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। जब प्रदर्शन खत्म हो गया था, तब शांतनु सेन को पुलिस सुरक्षा में घर क्यों लाया गया? हमारे कार्यकर्ताओं पर हुए हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। हालांकि, तनाव कुछ समय के लिए शांत हो गया है, लेकिन प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# मुर्शिदाबाद में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या, घर से 300 मीटर दूर मिला शव

### घटना के संलिप्ता के आरोप में स्थानीय पंचायत सदस्य सहित दो लोगों को लिया गया हिरासत में

**मुर्शिदाबाद :** जिले के भरतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुनिया इलाके में एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक का शव उसके घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर नदी के किनारे से बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए कांदी महकमा अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की पहचान षष्ठी घोष के रूप में हुई है, जो भरतपुर थानांतर्गत आलूग्राम पंचायत का निवासी था। वह स्थानीय स्तर पर सक्रिय तृणमूल कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता था। मृतक की पत्नी के



अनुसार, बुधवार शाम लगभग चार बजे वे खेत के लिए मज़दूरों की तलाश में घर से निकले थे। लेकिन देर रात तक वे घर नहीं लौटे। बाद में लोगों ने सूचना दी कि नदी किनारे एक शव पड़ा है। इस खबर से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मामले को लेकर इलाके में जबरदस्त तनाव का माहौल है। पुलिस ने हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या की वजह राजनीतिक रंजिश है या व्यक्तिगत शत्रुता - इसकी पुष्टि पूछताछ के बाद ही हो सकेगी। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। जांच अधिकारी जल्द ही मामले की पूरी सच्चाई सामने आने की बात कह रहे हैं।

### उच्च माध्यमिक परीक्षा में बड़ा बदलाव, परीक्षार्थियों की पहचान रहेगी गोपनीय

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च माध्यमिक परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव किया गया है। अब से परीक्षार्थियों को परीक्षा पुस्तिका में अपना नाम नहीं लिखना होगा। केवल रोल नंबर लिखा जाएगा। परीक्षार्थियों की पहचान उजागर न हो, इसके लिए यह कदम उठाया गया है। अब से परीक्षक यह नहीं जान पाएंगे कि वे किसकी परीक्षा पुस्तिका देख रहे हैं। बता दें कि अभी तक परीक्षा पुस्तिका में पूरा नाम लिखने का नियम था। अब से परीक्षार्थियों को केवल अपना रजिस्ट्रेशन नंबर, रोल नंबर और सीरियल नंबर लिखना होगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। उच्च माध्यमिक परीक्षा के इतिहास में यह नियम पहली बार लागू किया गया है। बता दें कि इस बार, उच्च माध्यमिक परीक्षा सेमेस्टर प्रणाली पर होगी।

## बंगाल की दो बेटियों की शानदार सफलता, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दी बधाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बार फिर से शिक्षा के क्षेत्र में बंगाल ने पुनः गौरव हासिल किया है। यूजीसी-नेट जून 2025 परीक्षा में राज्य की दो छात्राओं ने शानदार उपलब्धि दर्ज की है, जिससे पूरे बंगाल गर्व महसूस कर रहा है। पूर्व बर्दवान जिले के कटवा अनुमंडल की निवासी नीलूफा यासमिन ने बंगाली विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। यह एक असाधारण उपलब्धि है, जिसने राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में और भी ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। दूसरी तरफ, कोलकाता की रिक्ता चक्रवर्ती ने मीडिया और पत्रकारिता विषय में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता ने भी राज्य की गौरव को बढ़ाया है। इन दोनों मेधावी



छात्राओं की सफलता पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दी है। गुरुवार को अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर मुख्यमंत्री ने लिखा है कि नीलूफा और रिक्ता तुम दोनों ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल खुद को, बल्कि पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने दोनों छात्राओं के अभिभावकों, परिवारजनों और शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## ट्रैफिक पुलिस को करना होगा शिष्टाचार से व्यवहार, नियम तोड़ने पर हो सकती है कार्रवाई : कोलकाता हाईकोर्ट

**कोलकाता :** ट्रैफिक पुलिस की मनमानी और असभ्य व्यवहार के खिलाफ अब कोलकाता हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि अगर ट्रैफिक पुलिसकर्मी वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं या नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

यह निर्देश न्यायमूर्ति पार्थसारथी चट्टोपाध्याय की एकल पीठ ने दिया। मामला उस वक्त सामने आया जब एक वकील ने शिकायत की कि मार्च 2023 में खिदिरपुर और एजेसी बोस रोड क्रासिंग पर ट्रैफिक पुलिस ने उनका वाहन रोका और ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर लिया। वकील ने इसे मनमाना और असंवैधानिक कदम बताया।



हाईकोर्ट ने यह माना कि अब लाइसेंस वापस कर दिया गया है और मामला निपट चुका है, इसलिए उस विशेष पुलिसकर्मी के खिलाफ कोई दंडात्मक आदेश नहीं दिया गया। लेकिन कोर्ट ने यह साफ कर दिया कि:

- ❑ आवश्यक प्रशिक्षण के बिना किसी ट्रैफिक पुलिसकर्मी को ड्राइविंग लाइसेंस जब्त करने का अधिकार नहीं है।
- ❑ राज्य सरकार और कोलकाता पुलिस को ट्रैफिक नियमों की सही जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना चाहिए।
- ❑ पुलिसकर्मियों को शिष्ट, जिम्मेदार और पेशेवर व्यवहार अपनाना चाहिए ताकि आम जनता का भरोसा बना रहे।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश की प्रति राज्य के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और कोलकाता पुलिस के ट्रैफिक विभाग के डीसी को भेजने का निर्देश भी दिया है।

यह फैसला न सिर्फ एक मामले में न्याय सुनिश्चित करता है, बल्कि पूरे राज्य की ट्रैफिक व्यवस्था को नियमबद्ध और नागरिकों के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### एसएससी ने तारीखों की घोषणा, सितंबर में होंगी परीक्षाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने नई भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार, एसएससी ने परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। एक दिन कक्षा 9-10 और दूसरे दिन कक्षा 11-12 के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा होगी। एसएससी भर्ती परीक्षा 7 और 14 सितंबर को होगी। कक्षा 9-10 की परीक्षाएं 7 और 14 सितंबर को और कक्षा 11-12 की परीक्षाएं 14 सितंबर को होंगी। गुरुवार को एक अधिसूचना जारी कर बताया गया कि परीक्षा दोनों दिन दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। परीक्षा 1 घंटे 30 मिनट की होगी। दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। बताया गया है कि परीक्षा के बाकी नियम बाद में घोषित किए जाएंगे। लिखित परीक्षा के नतीजे अक्टूबर के चौथे हफ्ते में घोषित किए जा सकते हैं। काउंसलिंग नवंबर के आखिरी हफ्ते से शुरू होने वाली है।

### 166वां आयकर दिवस : पश्चिम बंगाल और सिक्किम के आयकर विभाग ने भव्य रूप से किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल और सिक्किम के आयकर विभाग ने भारत में आयकर के ऐतिहासिक प्रारंभ की स्मृति में कोलकाता स्थित साइंस सिटी मिनी ऑडिटोरियम में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ 166वां आयकर दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति शुभ्र कमल मुखर्जी, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, तथा विशिष्ट अतिथि सौरव गांगुली, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिम बंगाल और सिक्किम की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त सुरभि वर्मा गर्ग ने की। उनके साथ अशोक कुमार सरोहा, महानिदेशक, आयकर (जांच) - पश्चिम बंगाल, सिक्किम एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र, भी उपस्थित रहे।

## सेंट ऑगस्टीन डे स्कूल में सेवा, स्वास्थ्य और संवाद का संगम बना डॉक्टर डे समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेंट ऑगस्टीन डे स्कूल फॉर गर्ल्स में 1 जुलाई को डॉक्टर डे का आयोजन उल्लास, सम्मान और जागरूकता के साथ किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ एवं बेल व्यू अस्पताल के कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. अर्घ्य कुसुम पाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पाल के गरिमामय स्वागत से हुई, जिसके पश्चात कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में छात्रों ने उत्सुकतापूर्वक चिकित्सा पेशे से जुड़े



विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे- डॉक्टर बनने की प्रक्रिया, पेशे की चुनौतियां, और स्वस्थ जीवनशैली की महत्ता जैसे विषय चर्चा में रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा डॉ. पाल को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जे. बिस्वास ने कहा, हम चाहते हैं कि बच्चे इस महान सेवा भावना को पहचानें और इसके लिए आभार प्रकट करना सीखें। इसी सोच के तहत बच्चों को अपने पसंदीदा फल लाने को कहा गया, और शिक्षकों ने उनके पोषण संबंधी गुणों को विस्तार से समझाया।

## गोदरेज ने लॉन्च किया अब तक का सबसे बड़ा कार्बन कैप्चर उपकरण

### यूरोप को निर्यात में करेगा सहयोग

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रोसेस इक्विपमेंट व्यवसाय को यूरोप में एक कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) सुविधा के लिए अपने अब तक के सबसे बड़े उपकरण के निर्माण और आपूर्ति का एक अंतरराष्ट्रीय आदेश प्राप्त हुआ है। यह उन्नत उपकरण, उच्च दक्षता से कार्बन डाइऑक्साइड को अलग करने और पकड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो गोदरेज की क्षमताओं और भारत की सटीक भारी उपकरण निर्माण में बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है। यह कॉलम गोदरेज द्वारा अब तक वितरित सभी उपकरणों से बड़ा होगा, और इसके पैमाने और जटिलता में एक नया मील का पत्थर स्थापित करेगा। वर्तमान में, इस व्यवसाय की 70% आय निर्यात बाजारों से आती है। नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में हाल ही में आए बदलाव के साथ, कंपनी अपने निर्यात बाजारों को विश्व स्तर पर विविध बना रही है। हुसैन शरीयार, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड, प्रोसेस इक्विपमेंट, जो गोदरेज एंटरप्राइजेज का हिस्सा है, ने कहा, गोदरेज में, स्थिरता केवल एक रणनीतिक प्राथमिकता नहीं है-यह एक गहराई से निहित विश्वास है जो हमारे हर काम का मार्गदर्शन करता है।

## हावड़ा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की सख्ती, टिकट उल्लंघन पर वसूला 2.65 लाख का जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा गुरुवार को हावड़ा स्टेशन पर एक विशेष मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। यह अभियान टिकट रहित यात्रा पर रोक लगाने, टिकटिंग अनुशासन को सख्ती से लागू करने और राजस्व हानि को नियंत्रित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अभियान का नेतृत्व रेलवे मजिस्ट्रेट और हावड़ा कोचिंग के सहायक वाणिज्य प्रबंधक द्वारा किया गया। इस जांच को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए 20 ट्रैवेलिंग टिकट एग्जामिनर, 22 टिकट एग्जामिनर, 5 मुख्य टिकट निरीक्षक, 10 आरपीएफ कर्मी तथा 1 जीआरपी कर्मी की संयुक्त टीम तैनात की



गई। यह जांच स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों एवं यात्रियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में की गई। इस अभियान के दौरान कुल 718 मामलों का पता चला, जिनमें 559 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। इस दौरान 2,65,860 की जुर्माना राशि वसूली गई। हावड़ा मंडल द्वारा ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रखे जाएंगे ताकि सभी यात्रियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित यात्रा वातावरण प्रदान किया जा सके।

### विरासत की संपूर्ण सुरक्षा के लिए कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च किया गया

**कोलकाता :** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक शुद्ध सुरक्षा वाला टर्म इंश्योरेंस प्लान है, जिसे खासतौर पर उभरते हुए नौकरीपेशा प्रोफेशनल्स और बिजनेस करने वालों उद्यमियों के लिए तैयार किया गया है। इयह प्लान प्रतिस्पर्धी प्रीमियम पर व्यापक कवरेज प्रदान करता है, जिससे परिवारों को मजबूत वित्तीय सुरक्षा मिलती है और वे अपनी जीवनशैली बनाए रखते हुए अपनी विरासत लीगेसी को आगे बढ़ा सकते हैं। कोटक लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि कोटक लाइफ में हमारा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हम ऐसे समाधान प्रदान करें जो प्रासंगिक होने के साथ-साथ भविष्य की दृष्टि से भी उपयुक्त हों। कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान भारत के बढ़ते समृद्ध प्रोफेशनल्स और उद्यमियों के लिए एक सोच-समझकर तैयार किया गया समाधान है।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले के आरोपियों की चाल-ढाल का किया गया विश्लेषण

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय परिसर में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म से जुड़े मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों का पुलिस ने चाल-ढाल पहचान विश्लेषण (गैट रिकग्निशन एनालिसिस) किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विश्लेषण बुधवार को उस सुधार गृह में शुरू किया गया जहां चारों आरोपी मोनोजीत मिश्रा, प्रमित मुखर्जी, जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी बंद हैं। बता दें कि एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को इस विश्लेषण की अनुमति दी थी। अधिकारी ने बताया कि परीक्षण में मूल रूप से उनके चलने के तरीके का अवलोकन व विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण के निष्कर्षों की तुलना उस दिन कॉलेज परिसर से बरामद सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो साक्ष्यों से की जाएगी। अपराध के समय



घटनास्थल पर उनकी मौजूदगी को साबित करने के लिए यह परीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं को आरोपियों के पास से जब्त मोबाइल फोन की फोरेंसिक विश्लेषण रिपोर्ट भी मिल गई है। कार्यालय ने कहा कि ये रिपोर्ट जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं क्योंकि इन फोन का उपयोग कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर गार्ड के कमरे में हुए अपराध को रिकॉर्ड करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि सेवा प्रदाताओं ने उन्हें कॉल सूचियों का विवरण सौंप दिया है।

## कोलकाता नगर निगम की नई विज्ञापन नीति: अब केंद्र-राज्य की आय में हिस्सा लेगी निगम

**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने विज्ञापन नीति में बड़ा बदलाव करते हुए अब केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दिए गए विज्ञापनों से होने वाली आय का 50% हिस्सा अपने खजाने में लेने का निर्णय लिया है। पहले यह पूरी आय केंद्र या राज्य सरकार के पास चली जाती थी, लेकिन अब निगम को उसका हिस्सा मिलेगा।

नगर निगम की यह नई विज्ञापन नीति हाल ही में विधानसभा से पारित हुई है और राज्य सरकार की मंजूरी भी मिल गई है। इस नीति का उद्देश्य राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ कोलकाता शहर की सुंदरता बनाए रखना है।

**विज्ञापन के कुछ नए नियम इस प्रकार हैं:**

- ❑ अब केवल डएऊ और होर्डिंग्स के




ज़रिए ही प्रचार संभव होगा।
- ❑ रेलवे, मेट्रो, पोर्ट ट्रस्ट जैसी केंद्रीय एजेंसियां जो पहले नगर की सड़कों पर विज्ञापन देती थीं, अब उनसे आय का हिस्सा निगम को मिलेगा।
- ❑ पार्क स्ट्रीट, कैमैक स्ट्रीट और शेक्सपियर सरणी जैसे प्रमुख क्षेत्रों को विज्ञापन मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा।
- ❑ हेरिटेज बिल्डिंग्स, महाकरण (राज्य सचिवालय), बिबादीबाग और धर्मतला जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील इलाकों में भी अब किसी प्रकार के विज्ञापन की अनुमति नहीं होगी।
- ❑ सड़क के लैम्पपोस्ट, ट्रैफिक सिग्नल, और सरकारी भवनों पर विज्ञापन लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

नगर निगम के पार्षद देवाशीष कुमार ने जानकारी दी कि दुर्गा पूजा के दौरान कौन-से रास्तों पर होर्डिंग्स लगाए जा सकते हैं और कौन-से रास्ते विज्ञापन-मुक्त रहेंगे, इसके लिए भी दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं।

देवाशीष कुमार के अनुसार, इस नई नीति का उद्देश्य नगर निगम को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वह शहर की बेहतर देखभाल और सौंदर्यीकरण कर सके।

## पूर्व रेलवे चलाएगा 25 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें, आज से शुरू होगी सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए 25 विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये सभी ट्रेनें 25 जुलाई 2025 (शुक्रवार) से पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगी। 25 जुलाई को चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में 03267 मधुपुर-पटना मेमू पैसेंजर (08:45), 05715 देवघर-कटिहार एक्सप्रेस (05:45), 08645 भागलपुर-रांची एक्सप्रेस (13:10), 03511 आसनसोल-पटना एक्सप्रेस (17:00), 05546 देवघर-रक्सौल एक्सप्रेस (17:50), 05027 देवघर-बरहनी एक्सप्रेस (18:45), 05925 देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (21:55), 03146/03145 जसीडीह-दुमका-जसीडीह मेमू पैसेंजर (08:50 और 10:45), 03148/03147 जसीडीह-दुमका-जसीडीह मेमू (18:00 और 20:05), 03150/03149 जसीडीह-



गोड्डा-जसीडीह मेमू (13:00 और 15:00), 03507/03508 देवघर-जसीडीह-देवघर मेमू (08:20 और 22:05), 03480/03479 जमालपुर-सुल्तानगंज-जमालपुर मेमू (00:05 और 01:30), 03501/03502 जसीडीह-बाबाधाम-जसीडीह मेमू (04:30 और 04:55), 03503/03504 बाबाधाम-जसीडीह-बाबाधाम मेमू (13:05 और 13:35), 03505/03506 जसीडीह-बाबाधाम-जसीडीह मेमू (21:25 और 22:00), तथा 05518 देवघर-सरायगढ़ श्रावणी मेला मेमू (09:20) शामिल है।

## हावड़ा मंडल ने ट्रैक सुधार से रेलयात्रा को बनाया और अधिक सुरक्षित व सुगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल की इंजीनियरिंग विभाग ने ट्रैक रखरखाव और संचालन क्षमता को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। डाउन हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड लाइन पर चेराग्राम ब्लॉक हट और बेलमुरी स्टेशन के बीच ट्रैक के पुनर्संरेखण (री-अलाइनमेंट) का कार्य 18 से 20 जुलाई 2025 के बीच सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस दौरान बलपूर्वक लगाए गए लेआउट को बीसीएम (बैलेस्ट क्लीनिंग मशीन) और टैम्पिंग मशीन (एमएफआई) के माध्यम से सावधानीपूर्वक स्लूइंग ऑपरेशन कर तीन अलग-अलग ट्रैफिक ब्लॉकों में हटाया गया। यह कार्य पार्थ डे, एसएसई/पी.वे/गुराप (एसईसी) द्वारा योजनाबद्ध ढंग से




निष्पादित किया गया, जिनका मार्गदर्शन विवेक ठाकुर, पीडब्ल्यूआई इंचार्ज/गुराप द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्य की निगरानी और सहयोग आलोक, एईएन/डानकुनी तथा आर.के. बर्नवाल, वरिष्ठ मंडल अभियंता-2/हावड़ा द्वारा प्रदान किया गया।

इस कार्य के प्रमुख उपलब्धियों में ट्रैक ज्योमेट्री में सुधार और गलत मोड़ (फॉल्स कर्व) को ठीक करना शामिल है, जिससे रेल की घिसावट कम होगी और यात्री यात्रा अधिक सुरक्षित और आरामदायक होगी। इसके साथ ही, दो रिवर्स कर्व, कर्व नंबर 27 और कर्व नंबर 28 को सफलतापूर्वक हटाया गया, जिससे ट्रैक सरेखण और संचालन दक्षता में बड़ा सुधार हुआ है। यह उपलब्धि न केवल समय पालन (पंचुअलिटी) में वृद्धि करेगी, बल्कि रखरखाव की आवश्यकता को भी कम करेगी।

## जौहरी पट्टी दुर्गोत्सव का 82वां खूंटी पूजन हुआ संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार सार्वजनिक दुर्गोत्सव कमेटी (जौहरी पट्टी) द्वारा हर्षोल्लास से खूंटी पूजन कर मां दुर्गा का आह्वान किया गया। आयोजकों ने बताया कि जौहरी पट्टी दुर्गोत्सव का इस वर्ष 82वां आयोजन है और खूंटी पूजन के साथ इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर कमेटी के चेयरमैन महेश सोनी, मार्गदर्शक मनोज चांदगोठिया, अध्यक्ष नंदकिशोर तोषावार, प्रधान सचिव निशांत सरावगी, उपाध्यक्ष नवीन सराफ, कोषाध्यक्ष प्रकाश धानुका, अनिल लाखोटिया, महेंद्र सोनकर, नाविक मुनोत, भगवती भार्गव, तारकनाथ गुप्ता, पंकज सराफ, नितेश सरावगी सहित अन्य उपस्थित थे। आयोजन का संचालन कमेटी के सचिव पंकज सोनकर ने किया।

## सियालदह मंडल ने यात्रियों की मांगों और सुविधाओं को लेकर की व्यापक बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने आज विभिन्न यात्री संघों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। जिसमें यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने और नई मांगों को पूरा करने पर चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षतास डीआरएम राजीव सक्सेना ने की, जिसमें मंडल के सभी 15 यात्री संघों के प्रतिनिधि पूरी उपस्थिति के साथ शामिल हुए। बैठक के दौरान यात्री संघों के प्रतिनिधियों ने नई ट्रेन सेवाओं की मांग और कई स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टॉपेज की गुंजाइश पर सुझाव दिए। साथ ही, यात्रियों की मौजूदा सुविधाओं में सुधार के लिए विभिन्न आवश्यकताओं को भी उठाया गया। सियालदाह मंडल ने यात्रियों के आराम और सुविधाओं को




प्राथमिकता देते हुए बताया कि मंडल के सभी स्टेशनों पर आवश्यक यात्री सुविधा उपलब्ध हैं और नए ट्रेनों व अतिरिक्त स्टॉपेज की मांगों पर भी विचार किया जाएगा।

डीआरएम राजीव सक्सेना ने आश्वासन दिया कि सभी प्रस्तावों की व्यवहार्यता का परीक्षण किया जाएगा और इसके बाद आवश्यक कार्रवाई शीघ्रता से की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों की भलाई के लिए पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 75.75 करोड़ और इस वर्ष अब तक 82.11 करोड़ का बजट मंजूर किया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

# आंदुल में लॉरी की चपेट में आकर दो नाबालिगों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

हावड़ा, समाज्ञा






जिले के आंदुल क्षेत्र में बुधवार की रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो नाबालिगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा किशोर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना रात करीब 10 बजे की है, जब कदमतला के पास आंदुल रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि 17 वर्षीय राज लस्कर और इरपन मोल्ला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक शिल्टू मोल्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक मानिकपुर के सांकराइल थाना अंतर्गत गोराबांध इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे एक दोस्त का मोबाइल खरीदने के लिए बाहर निकले थे और लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल शिल्टू को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही सांकराइल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस हृदयविदारक हादसे का दृश्य पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसे पुलिस ने जांच में शामिल कर लिया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# तृणमूल कांग्रेस ने जलियांवाला बाग में रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद रीताब्रता बनर्जी ने गुरुवार को मांग की कि पंजाब के अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा स्थापित की जाए। यह मांग तब आई जब संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में बनर्जी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में इस बात से इनकार किया कि सरकार की स्मारक पर टैगोर की प्रतिमा स्थापित करने की कोई योजना है। शेखावत ने अपने जवाब में कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा जलियांवाला बाग में स्थापित नहीं की गई है, क्योंकि यह स्मारक मुख्य रूप से नरसंहार



के पीड़ितों की याद में बनाया गया है और इसमें शहीद गैलरी और एक कुआं भी शामिल है, जहां से लोगों ने भागने की कोशिश की थी। रीताब्रता बनर्जी ने कहा कि नरसंहार के खिलाफ पहला और सबसे तीखा विरोध टैगोर की ओर से किया गया था। रीताब्रता बनर्जी ने मीडिया से कहा कि मैंने संस्कृति मंत्रालय से पूछा कि क्या जलियांवाला बाग में रवींद्रनाथ टैगोर की कोई प्रतिमा स्थापित करने की कोई योजना है। जवाब था, नहीं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। टैगोर एक कुशल संगीतकार, कलाकार और दार्शनिक होने के अलावा एक उत्साही राजनीतिक कार्यकर्ता भी थे। तृणमूल सांसद ने कहा कि उन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार के विरोध में अपनी 'नाइटहुड' की उपाधि त्याग दी थी। टैगोर की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही इस पत्र को उचित तरीके से और प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## खड़दह में टूटे बिजली के तार की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

कोलकाता, समाज्ञा

खड़दह के केरुलिया साइबोन रोड इलाके में गुरुवार को सड़क पर टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी और रहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं बिजली विभाग द्वारा तत्काल तार हटाने की कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार इस क्षेत्र में जर्जर तारों को लेकर विभाग को सूचित किया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## अलीपुर चिड़ियाघर से 'लापता' सैकड़ों जानवर! हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर



**कोलकाता :** अलीपुर चिड़ियाघर में जानवरों की संख्या में भारी गिरावट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि चिड़ियाघर से सैकड़ों जानवर 'गायब' हो गए हैं। वर्ष 2022-23 की तुलना में अब जानवरों की संख्या 1,872 से घटकर केवल 372 रह गई है। इस गंभीर अनियमितता को लेकर राज्यसभा के पूर्व तृणमूल सांसद जहर सरकार ने सवाल उठाए हैं और राज्य सरकार पर तीखा हमला किया है।

'स्वाधीन' नाम की एक संस्था ने इस मुद्दे पर कोलकाता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। संस्था का दावा है कि पिछले 30 वर्षों से यह हेरफेर हो रहा है और अदालत से अनुरोध किया गया है कि कम से कम पिछले 10 वर्षों का पूरा ब्योरा जांचा जाए।

हालांकि, वन विभाग और चिड़ियाघर प्रबंधन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि यह सिर्फ गणना में गलती का मामला है, न कि जानवरों के लापता होने का।

अब इस मामले में अदालत क्या निर्देश देती है, उस पर नजरें टिकी हैं।

## सीबीआई को अदालत से बड़ा झटका, 11 साल पुराने मामले में 8 पुलिस कर्मी समेत 11 बरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को अदालत में एक और बड़ा झटका लगा है। सीबीआई कोर्ट ने 11 साल पुराने एक मामले में आरोपी आठ पुलिस कर्मियों को बरी कर दिया है। इसके साथ तीन और को रिहा किया गया है। बता दें कि 2004 में, खड़गपुर की एक घटना में 8 पुलिस कर्मियों समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले के इतने साल बाद गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत ने 8 पुलिस कर्मियों को बरी कर दिया। इस दिन, मामले की सुनवाई के बाद, वकील अमिताभ गंगोपाध्याय और गोपाल हलदर ने अदालत को बताया कि घटना 2004 की है।



खड़गपुर में रात में खड़गपुर हाईवे पर सौमेन मंडल उर्फ झूमा नाम के व्यक्ति से छिनताई की गई थी। उस घटना में खड़गपुर पुलिस ने सौमेन मंडल को गिरफ्तार किया था। बाद में, पुलिस उसे घटना का पुनर्निर्माण करने के लिए घटनास्थल पर ले गई। लेकिन पुलिस जीप से कूदकर भागने के दौरान सौमेन उर्फ झूमा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में, उसे खड़गपुर अस्पताल ले जाया गया और मृत घोषित कर दिया गया। उस घटना में खड़गपुर थाने के तत्कालीन ओसी अपूर्व कुमार नाग और 8 पुलिस कर्मियों समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में, हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली। मामले की सुनवाई कोलकाता सिटी सेशंस कोर्ट में हो रही है। वकील ने बताया कि गुरुवार को कोर्ट ने उस मामले में अपूर्व कुमार नाग और आठ पुलिस कर्मियों समेत कुल 11 लोगों को बरी कर दिया। इस घटना में सीबीआई के लिए निस्संदेह यह एक बड़ा झटका है। वहीं, दूसरी ओर, यह राज्य पुलिस के लिए एक बड़ी जीत है।

### महिलाओं की आईएएस में बढ़ती भागीदारीः

## देश में सबसे अधिक महिला आईएएस अधिकारी पश्चिम बंगाल में कार्यरत

**कोलकाता :** महिला सशक्तिकरण की दिशा में पश्चिम बंगाल ने एक बार फिर मिसाल कायम की है। पूरे देश में सबसे अधिक महिला आईएएस अधिकारी इसी राज्य में कार्यरत हैं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कुल 84 महिला आईएएस अधिकारी तैनात हैं, जो देश में किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है।

राज्य में अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर जिलाधिकारी, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग जैसे विभिन्न विभागों में महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। रोशनी सेन, नंदिनी चक्रवर्ती, वंदना यादव और स्मिता पांडे जैसी कई महिला आईएएस अधिकारी वर्तमान में राज्य में अहम पदों पर नियुक्त हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर भी यह रुझान उत्साहजनक है। देशभर में अब 23 से 25 प्रतिशत आईएएस अधिकारी महिलाएं हैं, जबकि 2010 में यह आंकड़ा मात्र 12 प्रतिशत था। इस वृद्धि के पीछे मुख्य कारण हैं – लिंग-निरपेक्ष परीक्षा प्रणाली, मातृत्व अवकाश की सुविधा, और पोस्टिंग में विशेष सहूलियतें।

यह बदलाव न केवल सरकारी तंत्र में महिलाओं की भूमिका को मजबूत कर रहा है, बल्कि सामाजिक सोच में भी एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत दे रहा है।

### स्वास्थ्य सेवा में देश में अव्वल पश्चिम बंगाल,

## नेशनल मेडिकल कॉलेज की लेबर रूम को मिले 97.5% अंक, मिला 12 लाख का पुरस्कार

**कोलकाता :** स्वास्थ्य के क्षेत्र में पश्चिम बंगाल ने एक बार फिर देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। केंद्र सरकार द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता के नेशनल मेडिकल कॉलेज की प्रसूति (मातृ) लेबर रूम को लेबर रूम क्वालिटी इम्प्रूवमेंट इनिशिएटिव (लक्ष्य) परियोजना के अंतर्गत 97.5% अंक प्राप्त हुए हैं।

यह स्कोर न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि के लिए नेशनल मेडिकल कॉलेज को केंद्र सरकार की ओर से 12 लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी मिलेगा।

कॉलेज के अधीक्षक और वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. अर्घ्य मैत्र ने बताया कि इससे पहले भी संस्थान को 80% अंक मिले थे, लेकिन इस बार का परिणाम असाधारण और ऐतिहासिक है।

लक्ष्य परियोजना के तहत केंद्र सरकार देश के हर अस्पताल के मातृत्व विभाग की गुणवत्ता की समीक्षा करती है। इस राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली से आई विशेषज्ञों की एक टीम ने जून महीने में प्रसव कक्ष (लेबर रूम) का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि मरीजों के लिए बिस्तर की स्थिति कैसी है, प्रसूताओं को किसी तरह की असुविधा हो रही है या नहीं, और उनकी सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम हैं या नहीं।

परिणामस्वरूप, नेशनल मेडिकल कॉलेज के मैटरनिटी ऑपरेशन थिएटर को 90.83% अंक और प्रसव कक्ष (लेबर रूम) को 97.5% अंक मिले हैं।

इस उपलब्धि के लिए अधीक्षक डॉ. अर्घ्य मैत्र ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ममता बनर्जी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मुख्यमंत्री की नीति और नेतृत्व की अहम भूमिका है।

## काकद्वीप में तृणमूल नेता के भतीजे की रक्तरंजित लाश खेत से बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक युवक की खून से सनी लाश धान के खेत से बरामद की गई। मृतक की पहचान राकिब शेख (27) के रूप में हुई है, जो तृणमूल कांग्रेस के रामतनुनगर ग्राम पंचायत के चार नंबर बूथ सदस्य सालाउद्दीन शेख का भतीजा था। यह वारदात सुंदरवन पुलिस जिले के हारवुड प्वाइंट कोस्टल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई है। राकिब की लाश उसके गांव से सटे एक अन्य बूथ क्षेत्र के खेत में पड़ी मिली। सुबह स्थानीय लोगों ने सबसे पहले शव देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस का मानना है कि राकिब की हत्या



की गई है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हत्या किन कारणों से की गई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और हत्या के राजनीतिक एंगल की भी जांच की जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह घटना काफी चर्चा का विषय बन गई है और इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन साल बाद हत्या के आरोपी 'अलोक प्रभु' को सीआईडी ने बेंगलुरु एयरपोर्ट से दबोचा

**कोलकाता :** नदिया जिले के मायापुर में इस्कॉन से जुड़े एक घी व्यवसायी की हत्या के लगभग तीन साल बाद, आखिरकार मुख्य आरोपी गोविंद दास उर्फ अलोक सरकार को सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया। धार्मिक जगत में 'अलोक प्रभु' के नाम से प्रसिद्ध इस आरोपी को 21 जुलाई की रात पश्चिम बंगाल पुलिस की सीआईडी टीम ने बेंगलुरु एयरपोर्ट से पकड़ा, जब वह कथित तौर पर सिंगापुर भागने की फिराक में था।

जानकारी के अनुसार, 1 फरवरी 2021 को मायापुर के गौरनगर इलाके में रिपन दास(32), जो इस्कॉन का अनुयायी था, की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पहले दो आरोपियों,



लाल्टू घोष और समीर हलदार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में हत्या की साजिश में अलोक सरकार का नाम सामने आया, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। जांच की कमान बाद में सीआईडी को सौंपी गई और आलोक के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया। तकनीकी निगरानी और सूत्रों की मदद से पता चला कि वह विदेश भागने की योजना बना रहा है, जिसके आधार पर उसे बेंगलुरु एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नवद्वीप लाया गया और तेहट्टा महकमा अदालत में पेश कर 10 दिन की हिरासत की मांग की गई। अदालत ने 8 दिन की सीआईडी हिरासत मंजूर की है। आलोक सरकार मायापुर के एक प्रमुख धार्मिक संस्थान से जुड़ा प्रभावशाली चेहरा माना जाता था। उसकी गिरफ्तारी के बाद इलाके में धार्मिक समुदाय में खलबली मच गई है, और पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## मेट्रो रेल में क्षेत्रीय रेल निबंध, वाक् तथा टिप्पण - प्रारूप लेखन प्रतियोगिता-2025 का समापन

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के राजभाषा विभाग द्वारा पिछले तीन दिनों से आयोजित क्षेत्रीय रेल निबंध, वाक तथा टिप्पण-प्रारूप लेखन प्रतियोगिता-2025 का समापन वाक प्रतियोगिता के साथ संपन्न हो गया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस : मानव समाज का अभिशाप या वरदान तथा हिंदी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक विषय पर प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी पुष्पा रानी तथा वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी किरण बोस निर्णायक के तौर मौजूद रहीं। इस प्रतियोगिता में परिचालन विभाग की संगीता बसाक, वरिष्ठ यातायात सहायक प्रथम स्थान पर रहीं, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः इंजीनियरी विभाग के सुबोध कुमार सिंह, एचकेए तथा बिजली विभाग के सरोज बंद्योपाध्याय, वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर रहे।

## सुंदरबन सीमा पर बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई, नदी पार कर भारत में घुस रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर से अवैध घुसपैठ की कोशिश को बीएसएफ ने विफल कर दिया है। घटना सुंदरबन क्षेत्र से सटे कालिंदी नदी के पास की है, जहां सोमवार देर रात दो बांग्लादेशी नागरिकों को नदी पार करते हुए पकड़ा गया, जो बाद में जंगल के रास्ते भारत में घुसने की योजना बना रहे थे। बीएसएफ ने सतर्कता दिखाते हुए दोनों को धर दबोचा और हेमनगर थाना पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद सुरमान हुसैन गाजी और अजीजुल इस्लाम के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के सातखीरा जिले के निवासी हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह दोनों रात के अंधेरे का फायदा उठाकर नदी पार कर रहे थे। उसी समय नदी में गश्त कर रही बीएसएफ की टीम ने उन्हें देखा और तुरंत कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गुरुवार को उन्हें बशीरहाट महकमा अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस और खुफिया एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इनकी भारत में घुसपैठ का मकसद क्या था। क्या वे महज गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कर रहे थे, या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश या आपराधिक इरादा भी छिपा था? यह घटना एक बार फिर से यह सवाल खड़ा करती है कि सीमा पर कड़ी निगरानी के बावजूद घुसपैठिए अब भी वैकल्पिक रास्तों नदी और जंगल का इस्तेमाल कर भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं।

## बांकुड़ा में रात के अंधेरे में डेढ़ साल की बच्ची घर से लापता, इलाके में मचा हड़कंप

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले के भूतशहर बोगा गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची रात के अंधेरे में रहस्यमय तरीके से अपने घर से लापता हो गई। घटना बुधवार देर रात की है, जब गर्मी के कारण पिता बाहर सो रहे थे और बच्ची अपनी मां के साथ कमरे में थी। सुबह चार बजे जब पिता कमरे में गए, तो उन्होंने बच्ची को बिस्तर पर नहीं पाया। पहले उन्होंने सोचा कि शायद बच्ची मां की गोद में होगी, लेकिन घर में ढूंढ़ने के बाद भी बच्ची कहीं नहीं मिली।

घटना की खबर मिलते ही बांकुड़ा सदर थाने के आईसी




सुजय तुंग मौके पर पहुंचे और गांव की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू करवाया। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के घरों की तलाशी ली जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ दर्जी ने भी घटनास्थल का दौरा किया और इसे बेहद संवेदनशील मामला बताया। उन्होंने कहा कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जरूरत पड़ी तो डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली जाएगी।

बच्ची की मां का कहना है कि परिवार का किसी से कोई विवाद नहीं है, फिर भी उनकी बेटी अचानक गायब हो गई। पूरे गांव में घटना के बाद सनसनी फैल गई है और लोग भय के माहौल में हैं। पुलिस की शुरुआती आशंका है कि यह अपहरण का मामला हो सकता है, हालांकि अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस ने जांच तेज कर दी है और बच्ची की तलाश युद्धस्तर पर जारी है।

## नवद्वीप में गंगा नदी में आत्महत्या की कोशिश, स्थानीय युवक ने बचाई महिला की जान

कोलकाता, समाज्ञा

नवद्वीप के भागीरथी नदी घाट पर मंगलवार को एक वृद्ध महिला ने अचानक गंगा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना के वक्त स्थानीय निवासी बाबू पाल वहां मौजूद थे। उन्होंने देखा कि एक महिला बिना किसी पूर्व चेतावनी के नदी में कूद गई। दृश्य से स्तब्ध बाबू ने बिना समय गंवाए गंगा में छलांग लगाई और जान जोखिम में डालकर महिला को पानी से बाहर निकाला। महिला की स्थिति उस समय गंभीर थी और वह आधी बेहोशी की हालत में थी।

प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा तुरंत नवद्वीप थाने को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि महिला अपने पति द्वारा किए जा रहे अत्याचार और घरेलू कलह से तंग आकर मानसिक रूप से बेहद परेशान थी। इसी तनाव के चलते उसने आत्महत्या करने का कदम उठाया।

स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से महिला की जान बचाई जा सकी, लेकिन घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। नवद्वीप थाने की पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि महिला को आत्महत्या जैसे गंभीर कदम तक किसने और कैसे उकसाया।

## प्रेमी के दबाव में मां ने दो साल की बेटी की ली जान, नदिया में सनसनीखेज मामला

**कोलकाता :** नदिया जिले के पलाशीपाड़ा थाना अंतर्गत धावापाड़ा गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक मां ने अपने प्रेमी के कहने पर अपनी दो साल की मासूम बच्ची की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस घटना के सामने आने के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और लोग स्तब्ध हैं। पुलिस के अनुसार, धावापाड़ा निवासी राहुल शेख पहले तीन शादियां कर चुका है और उसके कई बच्चे हैं। वह फिलहाल अपनी दूसरी पत्नी और एक संतान के साथ रह रहा था। इस बीच उसकी जान-पहचान दक्षिण 24 परगना के उस्ती थाना अंतर्गत उत्तर कुसुम दक्षिण पाड़ा की मीना खातून से हुई, जो शादीशुदा थी। राहुल के साथ नजदीकियां बढ़ने के बाद मीना अपनी दो साल की बेटी लामिया खातून को लेकर अपने पति का घर छोड़ राहुल के साथ रहने के लिए धावापाड़ा आ गई।



बुधवार शाम को राहुल और मीना ने परिवारवालों को बताया कि बच्ची की मौत डायरिया से हुई है, लेकिन परिजनों को शक हुआ कि बच्ची की हत्या की गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पूछताछ में मीना और राहुल दोनों ने स्वीकार किया कि बच्ची की हत्या की गई थी। राहुल ने मीना से कहा था कि अगर वह उससे शादी करना चाहती है तो पहले अपनी बेटी को खत्म करे। इसी दबाव में मीना ने अपनी बेटी का गला घोंटकर हत्या कर दी। राहुल के चाचा लालन शेख की शिकायत पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को तेहट्टा महकमा अदालत में पेश किया। यह घटना समाज को झकझोर देने वाली है, जिसने एक मां-बेटी के पवित्र रिश्ते को शर्मसार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिहार को रेलवे विकास में बड़ी सौगात, पटना से चलाई गईं 17 नई ट्रेनें: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में रेलवे नेटवर्क के ऐतिहासिक विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के सांसद गिरधारी यादव को पत्र लिखकर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में राज्य के रेलवे ढांचे में अभूतपूर्व विकास हुआ है। रेल मंत्री ने जानकारी दी कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक बिहार में लगभग 1,900 किलोमीटर नई रेल लाइनों का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राज्य को 10,066 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है। रेल मंत्री ने पत्र में यह भी जानकारी दी कि बिहार में अब तक 13 वंदे भारत एक्सप्रेस, 5 अमृत भारत एक्सप्रेस और एक नमो भारत रैपिड




रेल का सफल संचालन किया गया है। इसके साथ ही, वर्ष 2014 के बाद पटना से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए कुल 17 नई ट्रेनों की शुरुआत की गई है। इन ट्रेनों में सहरसा-आनंद विहार एक्सप्रेस (15529/30), मालदह टाउन-आनंद विहार एक्सप्रेस (13429/30), पटना-बैंगलोर प्रीमियम एक्सप्रेस (22353/54), जयनगर-लोकमान्य तिलक जनसाधारण एक्सप्रेस (15547/48), नाहरलगुन-नई दिल्ली एक्सप्रेस (22411/12), पटना-मुंबई सीएसटीएम सुविधा एसी एक्सप्रेस (22355/56), अगरतला-आनंद विहार एक्सप्रेस (14019/20), पटना-बांद्रा टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस (22913/14), अगरतला-आनंद विहार राजधानी एक्सप्रेस (20501/02), मधुपुर-आनंद विहार हमसफर एक्सप्रेस (12235/36), पटना-बनासवाड़ी हमसफर एक्सप्रेस (22353/54), आनंद विहार-मधुपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22465/66), आनंद विहार-मधुपुर हमसफर एक्सप्रेस (22459/60), गोड्डा-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस (22311/12), लोकमान्य तिलक-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस (11015/16), राजेंद्र नगर-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस (22361/62) और बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस (15567/68) शामिल हैं।

## प्रवासी श्रमिक का शव लाने के दौरान हादसा, दो और लोगों की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर थाना अंतर्गत बेलघड़िया दो ग्राम पंचायत के घोरालिया खापड़ा ढांगा निवासी कन्हाई विश्वास (42) महाराष्ट्र के पुणे में एक होटल में काम करते थे। वहीं अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार ने उनका शव एंबुलेंस से घर लाने का निर्णय लिया। लेकिन दुर्भाग्यवश, नागपुर के पास रास्ते में एंबुलेंस दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में एंबुलेंस चालक और कन्हाई विश्वास के रिश्तेदार पंकज विश्वास की भी मौत हो गई। शव लाने के क्रम में दो और लोगों की जान चली गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश: राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई आठ अगस्त तक टली

**सुलतानपुर:** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण स्थगित कर दी गई। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख आठ अगस्त तय की है। वादी विजय मिश्रा की ओर से पेश हुए वकील संतोष कुमार पांडे ने बताया कि बार एसोसिएशन चुनाव के कारण वकीलों के काम से अनुपस्थित रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि अब मामले की अगली सुनवाई आठ अगस्त को होगी।

### राजस्थान: पिता ने डेढ़ वर्षीय बेटे को बोरवेल में फेंका, बचाव अभियान जारी

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर जिले में एक पिता ने अपने डेढ़ वर्षीय बेटे को बोरवेल में कथित तौर पर फेंक दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जमवारामगढ़ के दीपोला गांव में हुई इस घटना में बच्चे को बचाने के लिए बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार रात की है और स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। जमवारामगढ़ के थानाधिकारी रामपाल शर्मा ने बताया कि आरोपी ललित अपने बेटे की बीमारी और पत्नी के लंबे समय तक मायके में रहने जैसे कारणों से परेशान था। शर्मा ने बताया कि ललित कल (बुधवार को) एक चिकित्सक के पास गया और अपने बेटे के लिए दवाइयां लीं। उन्होंने बताया, आरोपी ने दावा किया कि उसके बेटे की कल (बुधवार को) रात मौत हो गई और इसके बाद उसने उसे एक सफेद कपड़े में लपेटकर बोरवेल में फेंक दिया। उसने अपने भाई को इस बारे में बताया। जब स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली, तो पुलिस को सूचित किया गया।

# सांसदों और विधायकों के प्रस्तावों पर सड़क निर्माण कार्यों में लायी जाए तेजी : मुख्यमंत्री योगी



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सांसदों व विधायकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर गोरखपुर और बस्ती मंडलों में सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में हर विधानसभा क्षेत्र में आगामी सड़क विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और उनके जल्द क्रियान्वयन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जन प्रतिनिधियों से बातचीत में सड़क परियोजनाओं को जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हर निर्वाचन क्षेत्र की जरूरतों के मुताबिक सड़कों के प्रस्ताव दें। सरकार प्राथमिकता के आधार पर उन पर कार्यवाही करेगी। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हर निर्वाचन क्षेत्र के लिए सड़क अवसंरचना योजनाओं को जाहिर करते हुए एक डिजिटल प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने सड़क सम्बन्धी जरूरतों का आकलन करने के लिए विधायकों से सीधे बातचीत की और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तदानुसार योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

### किसी को भी अवैध रूप से जमीन हड़पने की इजाजत नहीं दी जाएगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी को भी अवैध रूप से जमीन हड़पने की इजाजत नहीं दी जाएगी और राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार गरीबों के साथ मजबूती से खड़ी है। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' के दौरान 200 से ज्यादा लोगों की समस्याएं सुनी और भूमि अतिक्रमण और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आपात स्थितियों से जुड़े सहित सभी मामलों पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, किसी को भी अवैध रूप से जमीन हड़पने की इजाजत नहीं दी जाएगी। सरकार गरीबों और पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है। योगी ने अधिकारियों को पीड़ितों की जमीनों को अवैध कब्जों से तुरंत मुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### उत्तर प्रदेश: नाबालिग लड़की का धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर :** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने और धर्म परिवर्तन कराकर कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने संवाददाताओं बताया कि12 जुलाई को नेबुआ नौरंगिया थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी को शमसाद नाम का एक व्यक्ति अपने साथ ले गया है। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लड़की को ढूंढ निकाला गया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी शमसाद को नेबुआ नौरंगिया इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

## न्यूज अपडेट

### उत्तर प्रदेश: चंदौली में जिम संचालक हत्याकांड के चार आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**चंदौली :** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में जिम संचालक अरविंद यादव हत्याकांड में शामिल चार बदमाशों को पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के प्रयागराज में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने दावा किया कि हत्या में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी के लिये बताये गये स्थान पर ले जाने के बाद गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलायी, जिसमें दो दारोगा घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में चारों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि मुगलसराय थानाक्षेत्र के डिहवा गांव के पास 21 जुलाई को देर रात जिम संचालक अरविंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में आठ लोगों को नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### दो समुदायों में विवाद खत्म होने से हनुमान मंदिर और गुरुद्वारा निर्माण का मार्ग प्रशस्त




**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी जिले के जगतगंज में चार दशकों की कानूनी लड़ाई के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर हिंदू और सिख समुदाय के बीच भूमि विवाद पारस्परिक सहमति से हल हो गया है जिससे यहां हनुमान मंदिर और गुरुद्वारे के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि अदालत के आदेश पर 40 साल पहले लगाए गए ताले को आपसी सहमति से खोल दिया गया है। अब यहां हनुमान मंदिर और गुरुद्वारे का निर्माण होगा। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सरदार करण सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि श्री हनुमान मंदिर (प्रथम पक्ष) और गुरुद्वारा (द्वितीय पक्ष) के बीच स्वामित्व और कब्जे को लेकर 40 वर्षों से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि करीब 3,500 वर्ग फुट क्षेत्र के स्वामित्व का मामला अदालत में था, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर परस्पर सहमति से अदालत के बाहर सुलझा लिया गया है। इस संपत्ति पर दोनों समुदाय दावा कर रहे थे। 40 साल पहले अदालत के आदेश पर जिला प्रशासन ने इस पर ताला लगा दिया था। हिंदू पक्ष से श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि इस मामले को आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है और वहां हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

## धनबाद खदान का 'ढहना': सटीक स्थान की जानकारी न होने से एनडीआरएफ शुरू नहीं कर पाई बचाव अभियान



**धनबाद/गिरडीह/रांची/:** झारखंड के धनबाद जिले में एक बंद पड़ी कोयला खदान में अवैध खनन के दौरान कथित रूप से फंसे खनिकों को बचाने के लिए तैनात राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम अब तक अभियान शुरू नहीं कर पाई है, क्योंकि घटनास्थल के सटीक स्थान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गिरिडीह के सांसद सी.पी. चौधरी द्वारा बाघमारा थाने में धरना दिए जाने के बाद बुधवार को एनडीआरएफ को तैनात किया गया था। चौधरी ने खदान ढहने की खबर के बाद तत्काल बचाव कार्य शुरू करने की मांग की थी। आरोपों के बावजूद, धनबाद जिला प्रशासन, बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) और पुलिस के अधिकारियों ने दावा किया कि अब तक ऐसी किसी घटना के कोई संकेत नहीं मिले हैं। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, दुर्घटनास्थल की सही जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है, इसलिए बचाव अभियान दोपहर डेढ़ बजे तक शुरू नहीं हो सका। धनबाद प्रशासन और बीसीसीएल भी घटनास्थल की पहचान नहीं कर पाए हैं।

## अमित शाह का अब नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं : तेजस्वी यादव



**पटना :** बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने मानसून सत्र के अंतिम दिन विपक्ष द्वारा पेश कटौती प्रस्ताव पर बहस में भाग लेते हुए यह टिप्पणी की। बहस के कारण विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक हुई, जिसके कारण भोजनावकाश के बाद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यादव ने कहा, 'शाह का नीतीश कुमार पर से भरोसा उठने की क्या वजह है? वह कहते रहते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव जद-यू (जनता दल यूनाइटेड) अध्यक्ष के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा, यह तो समय ही बताएगा।'' राजद नेता ने कहा, 'अगर शाह को अब भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा है, तो उन्हें सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए घोषणा करनी चाहिए कि मुख्यमंत्री 2030 तक सत्ता की कुर्सी पर बने रहेंगे। गृह मंत्री सीतामढ़ी के अपने आगामी दौरे के दौरान इसकी घोषणा करें।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह अगस्त में सीतामढ़ी का दौरा करेंगे, जहां वह माता सीता के एक भव्य मंदिर की आधारशिला रखेंगे।

### बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का विकल्प खुला है

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पैदा विवाद के मद्देनजर उनकी पार्टी के पास आगामी चुनाव का बहिष्कार करने का 'विकल्प खुला'' है। विपक्ष के नेता ने मानसून सत्र के अंतिम पूर्व दिन राज्य विधानसभा के बाहर संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। यादव ने कहा, ''हम विधानसभा चुनावों के बहिष्कार का विकल्प खुला रख रहे हैं। समय आने पर, हम गठबंधन सहयोगियों के साथ चर्चा के बाद कोई निर्णय लेंगे। एसआईआर के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह किसी धोखाधड़ी से कम नहीं है।'

---

समीक्षा CINE मंत्र

# पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' रिलीज हुई

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' बृहस्पतिवार को देशभर में रिलीज हुई।

फिल्म के रिलीज के दौरान विजयवाड़ा, कोनासीमा और कडप्पा समेत आंध्र प्रदेश के कई सिनेमाघरों में बड़ी संख्या में प्रशंसक जमा हुए।

प्रशंसकों ने केक काटे, पटाखे फोड़े और बैनर लगाकर फिल्म की रिलीज का जश्न मनाया।

यह पवन कल्याण के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी पहली फिल्म है।

ए.एम. ज्योति कृष्ण और कृष जगर्लामुडी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में निधि अग्रवाल और बॉबी देओल भी अहम भूमिकाओं में हैं। संगीत एमएम कीरवनी का है और फिल्म का निर्माण मेगा सूर्या प्रोडक्शन ने किया है।

राज्य सरकार ने फिल्म की टिकट दरों में बढ़ोतरी की अनुमति दी है। टिकट का मूल्य सिंगल स्क्रीन में 100 रुपये और मल्टीप्लेक्स में 300 रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा एक हफ्ते तक सभी स्क्रीन पर दिन में पांच शो दिखाने की अनुमति दी गई है।



फिल्म के रिलीज से पहले विशाखापट्टनम में 23 जुलाई को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रशंसक, सिनेमा तथा राजनीति से जुड़ी हस्तियां शामिल हुईं।

उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशंसकों से संवाद किया और विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रभावशाली लोगों के साथ अपनी बातें साझा कीं।

कल्याण ने कहा कि 'हरि हर वीरा मल्लू' की रिलीज कई बार टली, जिसका कारण कोविड-19 महामारी और उनकी राजनीतिक व्यस्तताएं रहीं।

# 'मसान' के 10 साल पूरे होने पर विक्की कौशल ने लिखा नोट, बोले- 'मुसाफिर हैं हम...'

विक्की कौशल ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म मसान को लेकर एक इमोशनल नोट लिखा है। 24 जुलाई, 2015 को रिलीज हुई फिल्म मसान की रिलीज को आज पूरे 10 साल हो चुके हैं। विक्की ने फिल्म के सेट की कई शानदार बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं।

'मसान' की रिलीज को 24 जुलाई को पूरे 10 साल होने पर विक्की ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं और एक प्यारा सा आभार नोट लिखा। नोट में उन्होंने शायरी के साथ अपनी भावनाएं जताईं। विक्की ने लिखा, एक दशक हो गया! बहुत कुछ सीखना है, बहुत कुछ विकसित करना है... हर चीज के लिए धन्यवाद। ऐसा लगता है जैसे कल की ही बात हो- 'मुसाफिर हैं हम भी, मुसाफिर हो तुम भी.. किसी मोड़ पर फिर मुलाकात होगी'।



फिल्म 'मसान' की इन तस्वीरों में विक्की का मसान वाला लुक, निर्देशक नीरज घायवान के साथ उनकी एक तस्वीर, और मसान के कलाकारों जैसे ऋचा चड्ढा, श्वेता त्रिपाठी, वरुण ग्रोवर, अविनाश अरुण आदि के साथ रीयूनियन की झलक दिखी। 'मसान' से पहले विक्की ने 'लव शव ते चिकन खुराना' और 'बॉम्बे वेलवेट' में छोटी भूमिकाएं निभाई थीं। इसके अलावा फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में वह सहायक निर्देशक थे। फिल्म 'मसान' को दर्शकों और समीक्षकों ने खूब पसंद किया और यह बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

विक्की का फिल्म 'मसान' को लेकर यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। टीवी अभिनेत्री शिरीन मिर्जा ने लिखा, विक्की, तुमने बहुत लंबा सफर तय किया, मुझे तुम पर गर्व है। अभिनेता अमोल पाराशर ने भी तारीफ की। अमनदीप कौर ने लिखा, 'आपकी अब तक की सबसे पसंदीदा फिल्म! सिनेमा के पहले दशक की आपको शुभकामनाएं, आने वाले कई दशकों के लिए', मनीष मल्होत्रा ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए।

विक्की जल्द ही निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की फिल्म 'महावतार' में भी नजर आएंगे। उनकी पिछली फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

# सातवें दिन 'सैयारा' की कमाई में गिरावट, जल्द तोड़ सकती है अक्षय-अजय का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड

इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'सैयारा' की धूम है। इस फिल्म को थिएटर में एक हफ्ता पूरा हो चुका है। मोहित सूरी का डायरेक्शन और दो नए एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा का जादू दर्शकों पर चल रहा है। इस फिल्म ने आज कितना कलेक्शन किया है? साथ ही वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में यह 'रेड 2' और 'हाउसफुल 5' से कितनी दूर है? जानिए।

### वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में पांचवें नंबर पर 'सैयारा'

फिल्म 'सैयारा' इस साल रिलीज हुई फिल्मों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर पहुंच चुकी है। अब इसकी नजर 'हाउसफुल 5' और 'रेड 2' के कलेक्शन को पार करने पर है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो 'छावा'



ने 807.88 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 'रेड 2' ने 237 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं 'हाउसफुल 5' ने 288.58 करोड रुपये का कलेक्शन किया है। 'सितारे जमीन पर' ने 263 करोड़ रुपये कमाए थे। अगर 'सैयारा' की बात करें तो इसने वर्ल्डवाइड अब तक 225.73 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

### भारत में 'सैयारा' का 7वें दिन का कलेक्शन

जहां तक भारत में 'सैयारा' के कलेक्शन की बात है तो अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस फिल्म ने 7वें दिन 13.39 करोड़ रुपये कमाए लिए हैं। वहीं इसका कुल कलेक्शन भी भारत में 167.14 करोड़ रुपये हो चुका है। गुरुवार को इसके कलेक्शन में गिरावट जरूर है। लेकिन वीकएंड पर इसके कलेक्शन में इजाफा हो सकता है।

### 200 करोड़ क्लब में एंट्री की तैयारी

वर्ल्डवाइड तो यह फिल्म 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। भारत में भी यह इतनी ही कमाई करके 200 करोड़ क्लब में शामिल होने की फिराक में है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 'सैयारा' का बजट लगभग 60 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में यह फिल्म पहले ही हिट की लिस्ट में शामिल हो चुकी है।

### क्या है इस रोमांटिक फिल्म की कहानी

फिल्म 'सैयारा' एक लव स्टोरी है। फिल्म की कहानी एक म्यूजिशियन कृष और वाणी नाम की लड़की की है। कृष का किरदार अहान पांडे ने निभाया है और वाणी के रोल में अनीत पड्डा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का म्यूजिक यंग ऑडियंस को पसंद आया है।

# कास्टिंग काउच का शिकार हुईं जॉनी लीवर की बेटी, बोलीं- 'डरावना था अनुभव'

कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने बताया है कि फिल्म इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है। कई कलाकारों को अक्सर अपनी राह में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इसमें सबसे बड़ी बाधा है कास्टिंग काउच। हाल ही में जॉनी लीवर की बेटी जेमी ने बताया कि एक बार काम देने के नाम पर उनके साथ बड़ा घोटाला होने वाला था। इस अनुभव से वह डर गई थीं।

जेमी ने बताया कि उन्होंने लोगों से कास्टिंग काउच के अनुभव सुने थे, लेकिन उनका मानना था कि इंडस्ट्री में उनके पिता का होना उनके लिए राहत की बात थी। जेमी के मुताबिक करियर के शुरुआती दौर में, उनका कोई मैनेजर नहीं था और वह खुद ही अपने काम करती थीं। एक बार उनके पास एक ऐसे शख्स का फोन आया जो उन्हें एक बड़े प्रोजेक्ट में कास्ट करने का नाटक कर रहा था। जेमी ने जूम से बातचीत में बताया कि 'उन्होंने पूछा कि क्या मैं ऑडिशन देना चाहूंगी। ऐसे मौके हमारे लिए बहुत बड़ी बात होते हैं, इसलिए मैंने हां कह दिया।'

जेमी को बताया गया कि ऑडिशन वीडियो कॉल पर होगा जहां वह निर्देशक से बात करेंगी। जेमी ने बताया 'उन्होंने कहा कि हम स्क्रिप्ट नहीं देंगे।' इसके बाद उन्हें मीटिंग का एक लिंक मिला। जैसे ही जेमी ने लिंक पर क्लिक किया, उनका वीडियो चालू हो गया। हालांकि दूसरी तरफ बैठे शख्स ने अपना वीडियो नहीं दिखाया। उसने कहा 'मैं सफर कर रहा हूं इसलिए मैं अपना वीडियो चालू नहीं कर सकता, लेकिन यह एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म है जिसके लिए हम कास्टिंग कर रहे हैं और आप इस भूमिका में अच्छी तरह से फिट बैठती हैं।'

जेमी को बताया गया कि वह एक बोल्ड किरदार के लिए ऑडिशन दे रही हैं। ऐसे में उन्हें वीडियो कॉल पर ऐसी एक्टिंग करनी है जैसे वह किसी 50 साल के शख्स को इम्प्रेस कर रही हैं। इस दौरान जैमी से कपड़े उतारने के लिए भी कहा गया। इस पर जेमी ने कहा अगर कोई स्क्रिप्ट होगी तो वह उसके हिसाब से काम करेंगी। ऐसे में दूसरी तरफ से कहा गया 'कोई स्क्रिप्ट नहीं है। अगर आप कुछ कहना चाहती हैं या कुछ और करना चाहती हैं, तो बेझिझक करें।'



इस तरह की बातें सुनकर जेमी के होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि वह ऐसा करने में सहज नहीं हैं। इस पर दूसरी तरफ से कहा गया 'यह एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है और हम वाकई तुम्हें कास्ट करना चाहते हैं, यह तुम्हारे लिए एक बड़ा मौका है।' इसके बाद जेमी ने उनसे कहा कि वह इस वक्त उनसे बात करने में सहज नहीं हैं। इसके बाद उन्हेंने वीडियो बंद कर दिया।

बाद में जेमी को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हो सकता था। जेमी लीवर ने कहा कि अगर मैं उनके सामने कुछ करती तो वह मेरा वीडियो बना लेते और मुझे परेशान कर सकते थे। इस अनुभव ने उन्हें डरा दिया था। इससे पहले उन्होंने मुंबई में ऐसा कुछ नहीं देखा था।

# आमिर खान 'मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल' में फहराएंगे तिरंगा

अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन होने वाला है। सुपरस्टार आमिर खान इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस फेस्टिवल में वह भारतीय तिरंगा फहराएंगे। इस फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग निर्धारित है। महोत्सव में सिनेमा में आमिर खान के योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा।

इस फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया 'फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच फख्र का लम्हा होगा। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया है। वह इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।'

आपको बता दें विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आइएफएफएम, भारत के बाहर आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय फिल्म महोत्सव है। यह सशक्त और विविध भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस महोत्सव में फिल्म निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म 'बदनाम बस्ती' दिखाई जाएगी। इस फिल्म को भारत की पहली समलैंगिक फिल्म बताया गया है।

इस साल आइएफएफएम में लगभग 75 फिल्में प्रदर्शित होंगी। यह फिल्में लिंग, नस्ल, कामुकता, विकलांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर होंगी।

फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 14 से 24 अगस्त तक चलेगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पंजाब: छह पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए; तीन पिस्तौल व एक किलो हेरोइन जब्त

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास पाक की तरफ से आए छह ड्रोन को मार गिराया और एक किलो से अधिक हेरोइन व तीन पिस्तौल बरामद किए। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ जवानों ने बुधवार रात अमृतसर के मोढ़े गांव के पास पांच ड्रोन मार गिराने के लिए तकनीकी उपाय किए। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन और 1.070 किलोग्राम हेरोइन के पैकेट भी बरामद किए। बीएसएफ के जवानों ने बृहस्पतिवार तड़के एक अन्य घटना में अटारी गांव के पास एक और ड्रोन मार गिराया तथा दो मैगजीन बरामद की। इसके अतिरिक्त, तरनतारन जिले के डल गांव के निकट एक अलग घटना में बीएसएफ के जवानों ने धान के खेत से एक पिस्तौल और एक मैगजीन के पुर्जे बरामद किए।

### देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 371 पद रिक्त

**नयी दिल्ली :** देश के उच्च न्यायालयों में 18 जुलाई, 2025 की स्थिति के अनुसार न्यायाधीशों के कुल 371 पद रिक्त हैं। विधि और न्याय राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा को बृहस्पतिवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मेघवाल ने बताया कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 1,122 है, जिनमें से 751 न्यायाधीश वर्तमान में कार्यरत हैं, जबकि 371 पद रिक्त पड़े हैं।

### इस साल 21 जुलाई तक विमानों में 183 तकनीकी खामियों की सूचना मिली: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि पांच भारतीय एयरलाइन ने इस साल 21 जुलाई तक अपने विमानों में 183 तकनीकी खामियों की सूचना विमानन नियामक डीजीसीए को दी, जिनमें एअर इंडिया समूह के विमानन सेवाओं की 85 खामियां शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो और आकाशा एअर ने क्रमशः 62 और 28 तकनीकी खामियों की सूचना दी, जबकि स्पाइसजेट ने 8 खामियों की सूचना दी। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कुल मिलाकर 85 तकनीकी खामियों की सूचना दी। ये सभी आंकड़े इस साल 21 जुलाई तक के हैं। वर्ष 2024 में दर्ज की गईं तकनीकी खामियों की संख्या 421 थी, जो 2023 में रिपोर्ट की गई 448 से कम है। 2022 में रिपोर्ट की गई तकनीकी खामियों की संख्या 528 थी। इन तीन वर्षों के आंकड़ों में एलायंस एअर और पूर्ववर्ती विस्तारा के आंकड़े भी शामिल हैं।

### एअर इंडिया एक्सप्रेस की मस्कट-मुंबई उड़ान में एक यात्री ने दिया बच्चे को जन्म

**मुंबई :** मस्कट से बृहस्पतिवार को मुंबई आ रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में थाईलैंड की एक महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों और विमान में मौजूद एक नर्स ने उड़ान के दौरान प्रसव में मदद की। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ''जिस क्षण थाई नागरिक को प्रसव पीड़ा शुरू हुई, चालक दल ने तुरंत कदम उठाया- जन्म के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अपने कठोर प्रशिक्षण के दौरान बतायी गयी बातों का इस्तेमाल किया।.. पायलटों ने तुरंत विमान यातायात नियंत्रण कक्ष को सूचित किया और मुंबई में प्राथमिकता के आधार पर उड़ान को उतरने देने का अनुरोध किया, जहां मेडिकल टीम और एक एम्बुलेंस आगमन पर तैयार थे।''

# लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए: प्रधानमंत्री मोदी

**प्रधानमंत्री मोदी ने महाराजा चार्ल्स तृतीय को पौंधा भेंट किया**



**प्रधानमंत्री मोदी ने भगोड़े आर्थिक अपराधियों के भारत प्रत्यर्पण में ब्रिटेन से सहयोग मांगा**

**लंदन :** भारत द्वारा ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर बृहस्पतिवार को अपनी चिंता जाहिर करने के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चरमपंथी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष केअर स्टार्मर के साथ वार्ता के बाद यह बात कही। मोदी ने यह भी कहा कि भारत और ब्रिटेन दोनों इस बात पर 'एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।' उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की 'कड़ी' निंदा करने के लिए ब्रिटिश सरकार को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम इस बात पर सहमत हैं कि चरमपंथी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। जो लोग लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।'' ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों खासकर मार्च 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के बाद भारत में चिंताएं बढ़ रही हैं। भारत, ब्रिटेन की धरती पर खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों को लेकर ब्रिटेन के समक्ष अपनी चिंताओं से अवगत कराता रहा है।

### केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों में शिक्षकों के करीब 12,000 पद रिक्त : शिक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश भर के केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों में शिक्षकों के 12,000 से अधिक पद रिक्त हैं। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षकों के पदों में रिक्तियां विभिन्न कारणों से होती हैं, जिनमें नये केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय की स्थापना, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, पदोन्नति, स्थानांतरण, कर्मचारियों का अन्य विभागों में स्थानांतरण और विद्यालयों का उन्नयन शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''आज की तारीख तक देश भर में केंद्रीय विद्यालय संगठन में शिक्षकों के कुल 7,765 पद और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षकों के 4,323 पद रिक्त हैं।''

## मराठी पर जोर स्वाभाविक, लेकिन अन्य भारतीय भाषाओं का भी सम्मान करें: फडणवीस




**नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाषा मतभेद का माध्यम नहीं हो सकती और एक मराठी व्यक्ति ऐसे मुद्दों पर कभी भी संकीर्ण सोच वाला नहीं हो सकता। फडणवीस ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार की नीति मराठी के साथ अन्य भारतीय भाषाओं की रही है, भले महाराष्ट्र में ''हिंदी थोपने'' के खिलाफ मुंबई के कुछ हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। उन्होंने कहा, ''भाषा संवाद का माध्यम है, लेकिन मतभेद का नहीं। मातृभाषा महत्वपूर्ण है। प्रत्येक मराठी व्यक्ति को मराठी भाषा पर गर्व है। मराठी पर जोर देना स्वाभाविक और उचित है, लेकिन हमें अन्य भारतीय भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए।'' फडणवीस जेएनयू में मराठी भाषा, साहित्य और संस्कृति के लिए कुसुमाग्रज विशेष केंद्र और सुरक्षा एवं सामरिक अध्ययन के लिए श्री छत्रपति शिवाजी महाराज विशेष केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''यह बहस मराठी बनाम हिंदी नहीं है। मराठी का कोई विकल्प नहीं है। एक मराठी व्यक्ति को मराठी स्वीकार करनी ही होगी। लेकिन हमारी नीति मराठी के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं की भी है। हमें मराठी सीखनी चाहिए और अन्य भाषाएं भी जाननी चाहिए।''

## छत्तीसगढ़ के पांच जिलों में 66 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बस्तर :** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के पांच जिलों में बृहस्पतिवार को 66 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से 49 पर कुल 2.27 करोड़ रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले में 25, दंतेवाड़ा में 15, कांकेर में 13, नारायणपुर में आठ और सुकमा में पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 27 महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का कहना है कि वे 'खोखली' माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर किए जा रहे अत्याचारों और प्रतिबंधित संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेदों से निराश हैं। नक्सलियों ने कहा कि वे राज्य सरकार की 'नियद नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसका उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुगम बनाना है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बीजापुर में आत्मसमर्पण करने वाले 25 लोगों में से 23 पर कुल 1.15 करोड़ रुपये का इनाम था।

## सरकार गैंगस्टरों से जुड़े मामलों के लिए विशेष अदालतों के गठन पर विचार करे : शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र और दिल्ली सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में गैंगस्टरों से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए समर्पित अदालतें स्थापित करने पर विचार करने को कहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने कहा कि इस समय कुछ खास अदालतें विभिन्न मामलों के बोझ तले दबी हैं और गैंगस्टरों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली अदालतें 'आईपीसी', 'एनडीपीएस' और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामलों की भी सुनवाई कर रही हैं। पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस डी संजय से कहा, ''केंद्र और दिल्ली सरकार एक साथ बैठकर गैंगस्टर से संबंधित मामलों के लिए समर्पित अदालतें स्थापित करने पर क्यों नहीं निर्णय लेतीं? विशेष अदालतें स्थापित करने से त्वरित सुनवाई हो सकेगी।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि जिस तरह जघन्य अपराधों की रोजाना आधार पर सुनवाई के लिए त्वरित अदालतों की परिकल्पना की गई थी, उसी तरह गैंगस्टरों के खिलाफ मामलों के लिए समर्पित अदालतें स्थापित की जा सकती हैं। पीठ ने कहा, ''त्वरित अदालतों ने बहुत उत्साहजनक परिणाम दिए हैं। इसी तरह गैंगस्टर से जुड़े मामलों के लिए भी समर्पित अदालतें हो सकती हैं। हम दुर्दांत अपराधियों की बात कर रहे हैं, न कि छिटपुट घटनाओं की। समाज को इनसे छुटकारा पाना होगा। कानून का राज कायम होना चाहिए और पुलिस को निर्दयी होना होगा।'' दिल्ली सरकार के हलफनामे का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि 288 मामलों में से केवल 108 मामलों में ही आरोप तय किए गए और उनमें से केवल 25 मामलों में ही अभियोजन पक्ष के गवाहों की जांच की गई। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि आंकड़े खुद कहानी बयां करते हैं कि कैसे गैंगस्टर मुकदमे में देरी करने की कोशिश करते हैं और मुकदमे को जल्दी पूरा करने की व्यवस्था के अभाव में अदालतों को जमानत देने के लिए मजबूर करते हैं। शीर्ष अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से कहा कि ज़मानत का विरोध करने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, अभियोजन पक्ष को मुकदमे को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कलाकारों से की मुलाकात



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कलाकारों के एक समूह से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोहराय, पट्टचित्र और पटुआ क्षेत्र के ये 29 कलाकार 14 से 24 जुलाई तक राष्ट्रपति भवन में रहे। राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान में कहा, ''झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कलाकार राष्ट्रपति भवन के कला उत्सव 2025 - 'आवासीय कलाकार कार्यक्रम' के दूसरे संस्करण में भागीदार थे।'' बयान के मुताबिक यह कार्यक्रम भारत की कलात्मक परंपराओं की भावना का उत्सव है। यह सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने में जीवंत कला परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमिका की पुनः पुष्टि है। कला उत्सव ने लोक, जनजातीय और पारंपरिक कलाकारों को भी एक मंच प्रदान किया, जिन्होंने पीढ़ियों से कला के विविध रूपों को जारी रखा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने निवास कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने भारत के महत्वपूर्ण पारंपरिक कला क्षेत्रों में इन कलाकारों के योगदान की सराहना की और साथ ही उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।

## भागवत ने मौलानाओं के साथ किया मंथन, इमामों और पुजारियों के बीच संवाद पर सहमति



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को इमामों और मुस्लिम विद्वानों के साथ बैठक की जिसमें हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच संवाद जारी रखने पर सहमति जताई गई। 'ऑल इंडिया इमाम आर्गनाइज़ेशन' के प्रमुख उमेर अहमद इलियासी की तरफ से इस बैठक का आयोजन यहां हरियाणा भवन में किया गया था, जिसमें भागवत के अलावा संघ के कुछ अन्य पदाधिकारी और 60 इमाम, मुफ्ती एवं मदरसों के मोहतमिम (कुलपति) मौजूद थे। इलियासी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह बैठक करीब साढ़े तीन घंटे चली और इसमें मुसलमानों से जुड़े प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई और यह सहमति बनी कि संवाद का यह सिलसिला बरकरार रहेगा। आरएसएस ने बैठक को ''सकारात्मक'' बताया और कहा कि यह समाज के सभी वर्गों के साथ व्यापक संवाद की ''निरंतर प्रक्रिया'' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यह है कि देश के हित में सभी लोग मिलकर कैसे काम कर सकते हैं। संघ के राष्ट्रीय प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''यह समाज के सभी वर्गों के साथ व्यापक संवाद की एक सतत प्रक्रिया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि देश हित में सभी लोग मिलकर कैसे काम कर सकें। आज की चर्चा भी सकारात्मक रही।'' बैठक में आरएसएस की तरफ से भागवत के साथ कृष्ण गोपाल और इंद्रेश कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## अमरनाथ यात्रा के तहत भगवान शिव का पवित्र दंड शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया



**श्रीनगर :** भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' को सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप 'हरियाली अमावस्या' (श्रावण अमावस्या) के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के लिए बृहस्पतिवार को यहां ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया। महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के तहत पूजा-अर्चना के लिए गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित मंदिर ले जाया गया। 'छड़ी मुबारक' के संरक्षक गिरि ने बताया कि 'छड़ी मुबारक' को यहां लाल चौक के निकट दशनामी अखाड़ा स्थित उसके निवास स्थान से मंदिर लाया गया, जहां पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि शंख की ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया गया। गिरि ने बताया कि 'छड़ी मुबारक' के साथ आए साधुओं ने भी पूजा में हिस्सा लिया और जम्मू कश्मीर की शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 'छड़ी मुबारक' को यहां हरि पर्वत स्थित 'शारिका-भवानी' मंदिर भी ले जाया जाएगा।

## आरेडिका के ज्ञानदा बाल मंदिर विद्यालय में हुआ दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन




**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली द्वारा संचालित आरेडिका चिकित्सालय की ओर से बच्चों की समग्र स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान के उद्देश्य से, ज्ञानदा बाल मंदिर विद्यालय में 22 व 23 जुलाई को दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 274 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें शारीरिक, दंत एवं पोषण संबंधी मूल्यांकन विशेष रूप से किया गया। डॉ. मनीष कुमार, मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, ने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की स्थिति का निरीक्षण किया। डॉ. आकांक्षा, दंत चिकित्सक, ने बच्चों के दांतों की स्वच्छता और मौखिक स्वास्थ्य की जांच की। वहीं, डॉ. भूमिका सिंह, आहार विशेषज्ञ, ने बच्चों की आयु, ऊंचाई, वजन एवं स्वास्थ्य के आधार पर उपयुक्त डाइट चार्ट प्रदान किए। आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने बताया कि इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता की आदतें, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना है, जिससे वे भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति सतर्क रह सकें।इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं आरेडिका चिकित्सालय के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## कंगना ने अमित शाह से मुलाकात की, हिमाचल में हुई भीषण बारिश और बाढ़ के बारे में जानकारी साझा की

**नयी दिल्ली :** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि हिमाचल प्रदेश में बाढ़ प्रभावित सभी लोगों को हरसंभव सहायता और शीघ्र पुनर्वास प्रदान किया जाएगा। मंडी से सांसद रनौत ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज नयी दिल्ली में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात कर मंडी लोकसभा क्षेत्र में हाल ही में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा की विस्तृत जानकारी साझा की।'' उन्होंने कहा, ''मंत्री जी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि सभी प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता और शीघ्र पुनर्वास प्रदान किया जाएगा। केंद्र सरकार इस संकट की घड़ी में हिमाचल के साथ मज़बूती से खड़ी है।'' हिमाचल प्रदेश में 22 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से, राज्य भर में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 76 लोगों की मौत हो गई है और 34 लापता हैं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, इस मानसून में राज्य में 40 बार अचानक बाढ़, 23 बार बादल फटने और 25 बार भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जिससे लगभग 1,247 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## हिमाचल के मंडी में बस के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत, 21 घायल




**मंडी (हिमाचल प्रदेश) :** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक सरकारी बस सड़क से फिसलकर 100 फीट नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में चार महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मसेरन के निकट तरंगला में उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सरकाघाट से जिले के दुर्गापुर जा रही थी। बस में चालक और परिचालक सहित 29 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों को सरकारी अस्पताल सरकाघाट, दो को राजकीय मेडिकल कॉलेज नेरचौक और एक को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 17 घायलों का राजकीय मेडिकल कॉलेज नेरचौक, एम्स बिलासपुर और आरकेजीएमसी हमीरपुर में इलाज जारी है, जबकि चार घायलों का सरकारी अस्पताल सरकाघाट में इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद स्थानीय निवासियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

## संबंध बनाने की वैध सहमति उम्र 18 से घटाकर 16 की जाए: न्यायमित्र ने न्यायालय से सिफारिश की

**नयी दिल्ली :** न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाने के लिये वैधानिक उम्र 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने की शीर्ष अदालत से सिफारिश की है। चर्चित 'निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ' मामले में शीर्ष अदालत की सहायता करने वाली न्यायमित्र जयसिंह ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के तहत 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर एवं किशोरियों से जुड़ी यौन गतिविधियों को पूर्ण अपराधीकरण करने को चुनौती देते हुए अपने लिखित प्रस्तुतियां दी हैं। उन्होंने दलील दी कि वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए प्रेम संबंधों को अपराध मानता है और उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। जयसिंह ने कहा कि कानूनी ढांचा किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को गलत तरीके से दुर्व्यवहार के बराबर मानता है, तथा उनकी स्वायत्तता, परिपक्वता और सहमति देने की क्षमता को नजरअंदाज करता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ''सहमति की आयु 16 से बढ़ाकर 18 वर्ष करने को उचित ठहराने के लिए कोई तर्कसंगत कारण या अकाट्य आंकड़ा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा इसे बढ़ाए जाने से पहले 70 वर्षों से अधिक समय तक (यौन सहमति की) आयु सीमा 16 वर्ष ही रही थी। जयसिंह ने कहा कि (शारीरिक) संबंध बनाने के लिए सहमति की उम्र में वृद्धि बिना किसी बहस के की गई थी, और यह न्यायमूर्ति वर्मा समिति की सिफारिश के विरुद्ध है। न्यायमित्र ने कहा कि आजकल किशोर समय से पहले ही यौवन प्राप्त कर लेते हैं और अपनी पसंद के रोमांटिक और यौन संबंध बनाने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के निष्कर्षों सहित वैज्ञानिक और सामाजिक आंकड़े बताते हैं कि किशोरों में यौन गतिविधियां असामान्य नहीं हैं। जयसिंह ने 2017 और 2021 के बीच 16-18 वर्ष की आयु के नाबालिगों से जुड़े पॉक्सो कानून के तहत अभियोजन में 180 प्रतिशत की वृद्धि का हवाला दिया। उन्होंने कहा, ''अंतरजातीय या अंतरधार्मिक संबंधों से जुड़े मामलों में अधिकतर शिकायतें अक्सर लड़की की इच्छा के विरुद्ध माता-पिता द्वारा दर्ज कराई जाती हैं।

## 'उदयपुर फाइल्स' विवाद पर न्यायालय ने कहा, मामला दिल्ली उच्च न्यायालय को वापस भेज सकते हैं



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को फिल्म 'उदयपुर फाइल्स - कन्हैया लाल टेलर मर्डर' पर रोक लगाने के मामले को 25 जुलाई को उच्च न्यायालय को वापस भेजने की संभावना जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने कहा कि वह तब 10 से 15 मिनट मामले की सुनवाई करेगी और आवश्यक आदेश जारी करेगी तथा मामला दिल्ली उच्च न्यायालय को वापस भेजा जा सकता है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी समेत अन्य ने आरोप लगाया है कि फिल्म मुस्लिम समुदाय को बदनाम करती है। पीठ ने कहा कि वह कन्हैया लाल हत्याकांड मामले में आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका भी उच्च न्यायालय को भेज सकती है जिसने सुनवाई पूरी होने तक फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र द्वारा नियुक्त एक समिति ने छह जगह दृश्यों को हटाने का सुझाव दिया और 'डिस्क्लेमर' (अस्वीकरण) में संशोधन की सिफारिश करते हुए आदेश दिया था। फिल्मकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने इसका अनुपालन का आश्वासन दिया। मदनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की जिस समिति ने फिल्म को मंजूरी दी उसके कई सदस्य एक ही सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के सदस्य थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि ऐसा सभी सरकारों में होता है और उनकी नियुक्तियों को चुनौती नहीं दी जा सकती, वहीं न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि सरकार हमेशा एक सलाहकार समिति रख सकती है और प्रथम दृष्टया इसमें कुछ भी गलत नहीं है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एक समिति द्वारा पारित आदेश के बारे में बताया, जिसने फिल्म के प्रमाणन की समीक्षा की और कहा कि कुछ दृश्यों में काट-छांट और संशोधन सुझाए गए हैं।

### न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में जांच समिति गठित करने की घोषणा कर सकते हैं बिरला: सूत्र

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों के आधार की पड़ताल के लिए एक जांच समिति गठित करने की घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 21 जुलाई को बिरला को सौंपा गया 152 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस अब ''सदन का दस्तावेज'' है और तीन सदस्यीय समिति के गठन के लिए परामर्श शुरू हो गया है, जिसमें उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश या शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश, किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होंगे।

### असम में अवैध कब्जे को लेकर चलाए जा रहे अभियान के बीच नगालैंड में हाई अलर्ट

**कोहिमा :** असम में कथित अवैध अप्रवासियों को निशाना बनाकर अवैध कब्जे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच नगालैंड सरकार ने एक परामर्श जारी किया है तथा राज्य में विस्थापित लोगों के संभावित आगमन को रोकने के लिए सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है। नगालैंड के आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में सभी उपायुक्तों को राज्य की जनसांख्यिकीय अखंडता की रक्षा करने तथा कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सतर्कता बनाए रखने, सक्रिय उपाय लागू करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों और पारगमन बिंदुओं पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

# डकेट और क्रॉली के अर्धशतक, इंग्लैंड ने दो विकेट पर 225 रन बनाए

**मैनचेस्टर:** कप्तान बेन स्टोक्स के आठ साल बाद पांच विकेट (72 रन देकर) और जोफ्रा आर्चर के तीन विकेट की मदद से इंग्लैंड ने भारत को पहली पारी में 358 रन पर समेट दिया। इसके जवाब में इंग्लैंड ने बेन डकेट (94) और जैक क्रॉली (84) की बेहतरीन पारियों की बदौलत पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी की और दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 225 रन बना लिए।इंग्लैंड अब भारत से 133 रन पीछे है और उसके 8 विकेट शेष हैं।दिन का अंत ओली पोप (20) और जो रूट (11) नाबाद के साथ हुआ।भारत की ओर से तेज गेंदबाजों ने निराश किया। अंशुल कंबोज, जिन्होंने इस मैच से टेस्ट डेब्यू किया, को डकेट का विकेट मिला-यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट था। बुमराह और सिराज लय में नहीं दिखे।ऋषभ पंत ने चोट के बावजूद 54 रन की जुझारू पारी खेली और मैदान पर उतरते ही दर्शकों से तालियां बटोरीं। पंत ने आर्चर और स्टोक्स की गेंदों पर आकर्षक चौके-छक्के लगाए, लेकिन अंततः आर्चर की गेंद पर बोल्ड हो गए। शारदुल ठाकुर ने भी 41 रनों का अहम योगदान दिया।क्रॉली और डकेट ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों की दिशाहीन गेंदबाजी का जमकर फायदा उठाया। 'बैजबॉल' शैली की झलक भी इंग्लैंड की इस पारी में देखने को मिली।अब मुकाबले में इंग्लैंड की स्थिति मजबूत है, जबकि भारत को वापसी के लिए बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन की जरूरत होगी।



### भारत की पारी समाप्त

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ने पहली पारी में 10 विकेट पर 358 रन बनाए। उनके लिए यशस्वी जायसवाल ने 58 और ऋषभ पंत ने 54 रन बनाए। वहीं, इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने पांच विकेट झटके जबकि जोफ्रा आर्चर को तीन विकेट मिले। इसके अलावा क्रिस वोक्स और लियाम डॉसन ने एक-एक विकेट झटके।

## मोदी ने ब्रिटेन के साथ भारत की साझेदारी का वर्णन करने के लिए क्रिकेट के रूपक का इस्तेमाल किया




**लंदन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के साथ भारत की साझेदारी का वर्णन करने के लिए क्रिकेट के रूपक का इस्तेमाल करते हुए अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर से कहा, ''कभी-कभी खेलते हुए हम चूक जाते हैं लेकिन हम हमेशा सीधे बल्ले से खेलते हैं!'' मोदी ने यह भी कहा कि भारत ब्रिटेन के साथ एक उच्च-स्कोरिंग वाली ठोस साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद मीडिया को दिए अपने बयान में मोदी ने कहा, ''हम दोनों के लिए क्रिकेट केवल एक खेल नहीं बल्कि एक जुनून है। और यह हमारी साझेदारी का एक बेहतरीन रूपक भी है। कभी-कभी खेलते हुए हम चूक जाते हैं लेकिन हम हमेशा सीधे बल्ले से खेलते हैं! हम एक उच्च-स्कोरिंग वाली ठोस साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' उन्होंने कहा कि आज हस्ताक्षरित समझौते और विजन 2035 इस भावना को आगे बढ़ाने वाले मील के पत्थर हैं। भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ लंदन स्थित 'बकिंघम स्ट्रीट क्रिकेट हब' के खिलाड़ियों से भी बातचीत की। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत और ब्रिटेन क्रिकेट के प्रति साझा जुनून से जुड़े हुए हैं। चेकर्स में, प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर और मैंने बकिंघमशर स्ट्रीट क्रिकेट हब के खिलाड़ियों से बातचीत की। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि खेल हमारे देशों के बीच लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा दे रहा है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के हस्ताक्षर वाला एक बल्ला भेंट किया। क्रिकेट की उत्पत्ति ब्रिटेन में मानी जाती है और यह भारत का सबसे लोकप्रिय खेल है।

# भारतीय पुरुष टीम 2026 में इंग्लैंड में पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी

**मैनचेस्टर :** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत अगले साल सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा जिसमें पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। भारत का दौरा एक जुलाई को डरहम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जिसके बाद मैनचेस्टर (चार जुलाई), नॉटिंघम (सात जुलाई), ब्रिस्टल (नौ जुलाई) और साउथम्प्टन (11 जुलाई) में मैच खेले जाएंगे।दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 14 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगी। इसके बाद 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच खेले जाएंगे।भारतीय महिला टीम भी अगले साल फिर से इंग्लैंड का दौरा करेगी। वह इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और एक टेस्ट मैच खेलेगी। टी20 श्रृंखला 28 मई को चेम्सफोर्ड में शुरू होगी। उसके बाद 30 मई को ब्रिस्टल और दो जून को टॉन्टन में मैच खेले जाएंगे।एकमात्र टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम दो टेस्ट श्रृंखलाओं में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की मेजबानी भी करेगी, जबकि हैरी ब्रुक की सीमित ओवरों की टीम वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के अलावा श्रीलंका की मेजबानी करेगी। भारतीय पुरुष टीम अभी टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए इंग्लैंड में है जबकि भारतीय महिला टीम ने सीमित ओवरों का इंग्लैंड दौरा हाल में समाप्त किया था।

## जमशेदपुर एफसी ने रोमांचक मुकाबले में त्रिभुवन आर्मी एफसी को 3-2 से हराया

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने गुरुवार को 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी के पहले मैच में नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी (टीएएफसी) को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हरा दिया। नेपाल आर्मी की टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दो बार बराबरी का गोल किया लेकिन निखिल बारला के गोल ने जमशेदपुर एफसी की जीत के साथ शुरुआत सुनिश्चित की।

## कुंबले की तरह, पंत का फ्रैक्चर के साथ बल्लेबाजी करना 50 साल तक याद रखा जाएगा: मांजरेकर

**मैनचेस्टर :** ऋषभ पंत का पैर में फ्रैक्चर के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरना 2002 में अनिल कुंबले का टूटे जबड़े के साथ गेंदबाजी करते हुए ब्रायन लारा को आउट करने की तरह याद रखा जाएगा जो भारतीय उप-कप्तान की टीम के प्रति प्रतिबद्धता और बहादुरी का प्रमाण है। पंत इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में 37 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। स्कैन से पता चला कि उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया है।दूसरे दिन वह क्रीज पर वापस लौटे और दर्द के बावजूद खेलते हुए उन्होंने अर्धशतक बनाया और दो साझेदारियों में भी योगदान दिया। मांजरेकर ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा, ''जब आप इस तरह की चीजें करते हैं जैसे अनिल कुंबले का जबड़े पर पट्टी बांधकर गेंदबाजी करना तो ये इतिहास के वो पल होते हैं जिन्हें आप 50 साल बाद भी याद रखेंगे।



यह दर्शाता है कि वह भारत के लिए खेलने को कितने प्रतिबद्ध हैं। 'उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में कुछ खास बात होती है, खासकर जब यह इंग्लैंड में खेला जा रहा हो। एक क्रिकेटर के तौर पर आपके ऊपर कितना ध्यान होता है। यहीं वह अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं। अगर आपको हैरानी हो रही है कि उन्होंने सफेद गेंद के क्रिकेट में वैसा प्रभाव क्यों नहीं डाला तो शायद यही वजह है। क्योंकि पंत किसी भी अन्य प्रारूप से ज्यादा टेस्ट क्रिकेट पर अपनी छाप छोड़ना चाहते हैं।'

## उन्नति ने सिंधू को हराया, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर




**चांग्झू (चीन) :** उन्नति हुड्डा ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 वर्षीय हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी।सिंधू सात साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी। इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी के लिए तैयार, भारत-पाकिस्तान मैच की संभावना

**नयी दिल्ली/ढाका :** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता सितंबर में संक्षिप्त रूप से फिर से शुरू होगी क्योंकि बीसीसीआई के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी एशिया कप टी 20 टूर्नामेंट की मेजबानी करने का रास्ता साफ हो गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एसीसी की बैठक के बाद यह फैसला हुआ जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। एसीसी के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है। कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है।'' यह टूर्नामेंट यूएई में आयोजित




किया जा रहा है क्योंकि भारत और पाकिस्तान ने 2027 तक सभी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने सभी मैच तटस्थ स्थानों पर खेलने के लिए पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है। एशिया कप का यह चरण टी20 प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है क्योंकि खेल के सबसे छोटे प्रारूप का अगला आईसीसी विश्व कप फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है। तीन अंतरराष्ट्रीय मैदानों में से टूर्नामेंट के लिए दुबई और अबुधाबी के इस्तेमाल किए जाने की संभावना है। प्रसारकों और प्रायोजकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बात की पूरी संभावना है कि भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा क्योंकि दोनों टीमों के बीच अगर फाइनल नहीं होता है तो कम से कम दो मैच होंगे (ग्रुप लीग और सुपर सिक्स)।

समाज्ञा
व्यापार

## अपने व्यवहार से करदाताओं का भरोसा हासिल करें कर अधिकारी: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आयकर अधिकारियों से नीतियों के समय पर क्रियान्वयन में मानकों को ऊंचा करने और अपने व्यवहार से करदाताओं का भरोसा अर्जित करने को कहा। सीतारमण ने आयकर अधिकारियों की नई प्रौद्योगिकी को अपनाने और केवल छह महीनों के भीतर नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार करने में उनकी तत्परता की सराहना की। उन्होंने जल्द से जल्द ओजीई के लंबित मामलों को निपटाने के लिए प्रेरित किया। ओजीई (या प्रभावी आदेश) एक ऐसा आदेश है जो एक आयकर अधिकारी को तब पारित करना होता है जब कोई करदाता कर निर्धारण के विरुद्ध अपील में विभाग के खिलाफ मामला जीत जाता है। उन्होंने यहां 166वें आयकर दिवस समारोह में कहा, 'अच्छी नीतियां ही पर्याप्त नहीं हैं। वास्तव में जो मायने रखता है वह है समय पर क्रियान्वयन... मुझे लगता है कि इतने वर्षों में आपने (कर अधिकारी) अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अब मानकों को ऊंचा करने का समय आ गया है।'



वित्त मंत्री ने कहा, 'आप और भी बेहतर हो सकते हैं। आप अपने व्यवहार से करदाताओं का विश्वास अर्जित कीजिए।' उन्होंने कहा कि आयकर दिवस राज्य और करदाता के बीच अघोषित सामाजिक अनुबंध की फिर से पुष्टि करने का अवसर है। सीतारमण ने नए आयकर विधेयक, 2025 का मसौदा तैयार करने वाले अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि आयकर कानून 1961 को सरल बनाने वाले प्रस्तावित कानून का मसौदा तैयार करने में 60,000 मानव घंटे लगे। उन्होंने कहा, '1961 से इसे छुआ तक नहीं गया। इसमें कई संशोधन जुड़ते गये। व्यापक समीक्षा नहीं हुई। इसलिए, जो काम शुरू किया गया, उसमें इतने घंटे लगे।'

## बिकवाली, एफआईआई की निकासी से सेंसेक्स 543 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 543 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 158 अंक के नुकसान में रहा। मुख्य रूप से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से बाजार में गिरावट आई। सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स इस गति को बनाये नहीं रख सका और बाद में इसमें गिरावट आई। सेंसेक्स 542.47 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,184.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 679.42 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,410 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,645 शेयर बढ़त में रहे। वहीं 166 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 157.80 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# एफटीए में डेयरी उत्पाद, खाद्य तेल, सेब शामिल नहीं, 95 प्रतिशत कृषि निर्यात शुल्क-मुक्त



**नयी दिल्ली :** भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में डेयरी उत्पादों, खाद्य तेल और सेब को शामिल नहीं किया है, जो घरेलू किसानों के हित में है। इसके साथ ही 95 प्रतिशत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर शून्य शुल्क सुनिश्चित किया है। बृहस्पतिवार को हस्ताक्षरित एफटीए में जई पर भी कोई शुल्क रियायत नहीं दी गई है। दूसरी ओर, हल्दी, काली मिर्च, इलायची जैसी भारतीय खाद्य वस्तुएं; आम का गूदा, अचार और दालें जैसी प्रसंस्कृत वस्तुएं; और झींगा और टूना जैसे समुद्री उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच का लाभ लेंगे। कृषि के क्षेत्र में ब्रिटेन 37.52 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का आयात करता है, जबकि भारत से आयात केवल 81.1 करोड़ डॉलर का ही होता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'भारत के किसान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के सबसे बड़े लाभार्थी बनने के लिए तैयार हैं, जो उनके उत्पादों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाज़ारों को खोलेगा। इससे उन्हें जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों के निर्यातकों को पहले से मिल रहे लाभ के बराबर या उससे भी फायदा मिलेगा।' करीब 95 प्रतिशत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य शुल्क लाइन में फलों, सब्जियों, अनाज; अचार, मसाला मिश्रण, फलों के गूदे; और तैयार भोजन और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इससे ब्रिटिश बाज़ार में इन भारतीय उत्पादों की पहुंच लागत में कमी आएगी, जिससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू किसानों की आय में वृद्धि होगी। अधिकारी ने कहा, 'शुल्क-मुक्त पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि-निर्यात के लक्ष्य में योगदान देगा।' एफटीए कटहल, बाजरा और जैविक जड़ी-बूटियों जैसे उभरते उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा देगा।

### ब्रिटेन एफटीए के तहत भारत से शून्य-शुल्क पर करेगा स्मार्टफोन, इन्वर्टर का आयात

नयी दिल्ली : ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने से भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इससे ब्रिटेन को स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इन्वर्टर का निर्यात बिना किसी शुल्क के किया जा सकेगा। भारत-ब्रिटेन एफटीए में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आईटी-सक्षम सेवाओं को सूची में शामिल करने के साथ भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए निर्यात की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, 'शून्य-शुल्क पहुंच मिलने से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है। ब्रिटेन के बाजार में स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इन्वर्टर की पैठ मजबूत होगी।'

### एफटीए के बाद भारत में सस्ती हो जाएंगी ब्रिटेन की लक्जरी कारें

**नयी दिल्ली :** भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में घोषित शुल्क कटौती के कारण, रोल्स-रॉयस, बेंटले और एस्टन मार्टिन जैसे ब्रिटिश प्रमुख वाहन ब्रांड घरेलू बाजार में सस्ते हो जाएंगे।इस व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद, ब्रिटेन के वाहन ब्रांड दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक कारें बेचने की कोशिश करेंगे और अमीरों को लक्षित करेंगे।आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) कहे जाने वाले इस समझौते पर बृहस्पतिवार को लंदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,400 रुपये टूटा, चांदी में 3,000 रुपये की गिरावट



**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्ट की मुनाफावसूली और वैश्विक बाजारों में सुस्ती के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये टूटकर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,200 रुपये गिरकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### भारतीय स्टेट बैंक ने 13,455 कर्मचारियों की भर्ती शुरू की

**मुंबई :** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 13,455 कर्मचारियों की भर्ती शुरू कर दी है। इन कर्मचारियों को जूनियर एसोसिएट्स पद पर नियुक्त किया जाएगा। बैंक में 2.36 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। एसबीआई ने कहा कि उसने 11 जून को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ग्राहक सेवा को मजबूत करने के लिए भर्ती करने की योजना की घोषणा की थी।

### सरकार अगस्त के अंत तक पेट्रोल में 27 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के मानदंड लाएगी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार अगस्त के अंत तक पेट्रोल में 27 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के मानदंड लागू कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में 20 प्रतिशत एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत की थी।गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, भारत पहले ही 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का अपना लक्ष्य हासिल कर चुका है। ब्राजील में, गैसोलीन में एथनॉल मिश्रण 27 प्रतिशत है।वर्तमान में, वाहन इंजन मामूली संशोधन के साथ ई20 (ईंधन में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण) पर चल सकते हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा, वर्तमान में, भारत में ई27 ईंधन के लिए मानक मानदंड नहीं हैं...ई27 के मानदंडों को अगस्त के अंत से पहले अंतिम रूप दे दिया जाएगा।भारत अपनी 85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरतों को आयात से पूरा करता है। उन्होंने कहा, हम 22 लाख करोड़ रुपये मूल्य के जीवाश्म ईंधन का आयात करते हैं, जिससे प्रदूषण भी बढ़ रहा है।''गडकरी ने कहा कि 11 वाहन कंपनियों ने 'फ्लेक्स-फ्यूल' इंजन से चलने वाले वाहन बनाए हैं।



## अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारिता नीति पेश की, जीडीपी में क्षेत्र का योगदान तीन गुना करने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नई राष्ट्रीय नीति की घोषणा की। इस नीति का उद्देश्य हर गांव में अधिक पेशेवर रूप से प्रबंधित और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सहकारी संगठन बनाना है। सहकारी समितियों के लिए इसी तरह की नीति वर्ष 2002 में लाई गई थी। उस समय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में था। नई नीति 23 साल बाद लाई गई है। 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025' का अनावरण करते हुए, शाह ने कहा कि सहकारिताएं, कराधान सहित सभी पहलुओं में कॉरपोरेट क्षेत्र के बराबर हैं। शाह ने दशकों पुराने नीति के खाके का अनावरण करते हुए कहा, सहकारिता क्षेत्र 2034 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीन गुना ज़्यादा योगदान देगा। मुझे पता है कि यह एक बड़ा लक्ष्य है, लेकिन हमने उचित योजना बनाई है। मंत्री ने घोषणा की कि इस वर्ष के अंत तक एक बहुउद्देशीय टैक्सी सहकारी समिति स्थापित की जाएगी, जबकि बीमा सहकारी समिति स्थापित करने का कार्य पूरी गति से चल रहा है। उन्होंने कहा, मंत्रालय ने पर्यटन, टैक्सी, बीमा और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में प्रवेश के लिए व्यापक योजना बनाई है। टैक्सी और बीमा सेवाओं के मामले में, हम कम समय में प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा कि 83 क्षेत्रों की पहचान की गई है।



वर्ष 10, पूर्णांक 3307 अंक 117, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in